
NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष
www.nnindianews.com
वर्ष :05, अंक :-145, पृष्ठ : 12 | सोमवार, 01 दिसंबर, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

## संसद के शीत सत्र से पहले पीएम मोदी का विपक्ष को संदेश

# 'यहां ड्रामा नहीं डिलीवरी होनी चाहिए'

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र की आज एक दिसंबर से शुरूआत हो रही है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदन के बाहर पत्रकारों से बातचीत भी की। इस दौरान उन्होंने विपक्ष को भी कड़ा संदेश दिया। पीएम मोदी ने कहा कि ये शीतकालीन सत्र सिर्फ प्रथा नहीं है। ये देश को प्रगति की ओर तेज गति से ले जाने के जो प्रयास चल रहे हैं, उसमें ऊर्जा भरने का काम यह शीतकालीन सत्र करेगा, ऐसा मेरा विश्वास है। भारत ने लोकतंत्र को जिया है, लोकतंत्र के उमंग और उत्साह को समय समय पर ऐसे प्रकट किया है कि लोकतंत्र के प्रति विश्वास और मजबूत होता रहता है।



पीएम मोदी ने आगे कहा कि लंबे समय से मेरी सबसे बड़ी चिंता रही है कि जो सदन में जो पहली बार चुनकर आए हैं या जो छोटी आयु के हैं, वैसे सभी दलों के सभी सांसद बहुत परेशान हैं, बहुत दुखी हैं। उन्हें अपने सामर्थ्य का परिचय कराने का अवसर नहीं मिल रहा है। अपने क्षेत्र की समस्या बताने का अवसर नहीं मिल रहा है। पीएम मोदी ने इस बात पर भी जोर दिया कि राष्ट्र की विकास यात्रा में वे अपने कुछ विचार बताना चाह रहे हैं, उस पर भी रोक लगा दी जा रही है। कोई भी दल हो, हमें अपने नई पीढ़ी के सांसदों को अवसर देने चाहिए। हमें उन्हें अवसर देना चाहिए। उनके अनुभवों का सदन को लाभ मिलना चाहिए। मेरा आग्रह रहेगा कि हम इन चीजों को गंभीरता से लें।

पीएम मोदी ने विपक्षी दलों को संदेश देते हुए सख्त अंदाज में कहा कि ड्रामा करने के लिए बहुत सी जगहें होती हैं, जिसको करना है करते रहें, लेकिन यहां ड्रामा नहीं, डिलीवरी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नारों के लिए भी पूरा देश पड़ा है। जितने नारे बुलवाने हों, पूरा देश पड़ा है। जहां पराजित होकर आए हो, वहां बोल चुके हो, जहां पराजित होने के लिए जाने वाले हो वहां भी बोल लीजिए। लेकिन यहां तो नारे नहीं, नीति पर बल देना चाहिए। वो आपकी नीयत होनी चाहिए। इस दौरान पीएम मोदी ने यह भी कहा कि हो सकता है राजनीति में नकारात्मकता कुछ काम आती होगी, लेकिन देश निर्माण के लिए सकारात्मक सोच भी होनी चाहिए। नकारात्मकता को अपनी मयार्दा में रखकर देश निर्माण पर ध्यान दें, ऐसी मेरी अपेक्षा रहेगी।

## लोकसभा की कार्यवाही फिर शुरू, राज्यसभा में हंगामा

संसद के शीतकालीन सत्र की हंगामेदार शुरूआत हुई है। एसआईआर के मुद्दे पर विपक्ष हंगामा कर रहा है। शीत सत्र की कार्यवाही शुरू होते ही लोकसभा में विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे के चलते सभापति ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। स्थगन के बाद लोकसभा की कार्यवाही फिर शुरू हो गई है। हालांकि एसआईआर के मुद्दे पर विपक्ष का हंगामा अभी भी जारी है। हंगामे के बीच ही वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 'मणिपुर गुड्स एंड सर्विस टैक्स' (दूसरा संशोधन) विधेयक सदन में पेश किया। राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि आपको बुरा नहीं लगेगा कि मुझे आपके पहले वाले के राज्यसभा के चेयरमैन के ऑफिस से पूरी तरह से अचानक जाने का ज़िक्र करना पड़ रहा है... मुझे दुख हुआ कि सदन को उन्हें विदाई देने का मौका नहीं मिला।

## लखनऊ में डॉ. शाहीन के घर पर एनआईए की छापेमारी

### देश भर में आठ जगहों पर मारा छापा

**लखनऊ।** दिल्ली धमाकों से जुड़े संदिग्धों की जांच के लिए सोमवार को एनआईए की टीमों ने कश्मीर से लेकर लखनऊ तक आठ जगहों पर छापेमारी की। लखनऊ में एनआईए की टीम लखनऊ के खंदारी बाजार स्थित डॉ. शाहीन शाहिद के पिता के आवास पर जांच करने पहुंची। मौके पर स्थानीय पुलिस मौजूद रही।

इस दौरान इलाके में काफी हलचल रही। बता दें कि दिल्ली धमाकों के संदर्भ में जांच टीम ने लखनऊ में डॉ. शाहीन के परिजनों से पूछताछ की थी।

यूपी में एनआईए ने नवंबर के पहले सप्ताह में सहारनपुर से गिरफ्तार किए गए डॉ. अदील अहमद राथर के आवास की भी तलाशी ली। इन छापों का उद्देश्य



'व्हाइट-कॉलर' आतंकी मॉड्यूल के नेटवर्क का पदार्फाश करना और इसके संचालन के तरीके को समझना है। व्हाइट-कॉलर' आतंकी मॉड्यूल का तात्पर्य ऐसे आतंकी समूहों से है जो पारंपरिक तरीकों के बजाय वित्तीय धोखाधड़ी, मनी लॉन्ड्रिंग और अन्य सफेदपोश अपराधों के माध्यम से धन जुटाते हैं और अपने एजेंडे को आगे बढ़ाते हैं। इस प्रकार के मॉड्यूल का पता लगाना और उन्हें निष्क्रिय करना सुरक्षा एजेंसियों के लिए एक बड़ी चुनौती होती है।

## रायसेन में बड़ा हादसा, पिपरिया रोड पर बना नयागांव पुल भरभरा कर गिरा, दस लोग घायल

**रायसेन।** मध्य प्रदेश के रायसेन जिले में एक बड़ा हादसा हो गया। बरेली-पिपरिया रोड पर बना नयागांव पुल अचानक से भरभरा कर गिर गया। हादसे में में चार लोग घायल हो गए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जब पुल गिरा उस समय यातायात चालू था। पुल के ऊपर से वाहन गुजर रहे थे। पुल टूटने की वजह से पूरी सड़क पर यातायात बंद कर दिया गया है। सभी घायलों को राबरेली के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के वक्त दो मोटरसाइकिल पुल से गुजर रही थीं।



# श्रीलंका में 'दितवाह' से 330 से ज्यादा मौत

## 370 से ज्यादा लोग लापता, भारत की मदद से बचाव अभियान जारी



**कोलंबो।** श्रीलंका में दितवाह चक्रवात ने भारी तबाही मचाई है। इस विनाशकारी तूफान के चलते 330 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है और 370 लोग लापता हैं। इस बीच रविवार को भी भारतीय वायु सेना और एनडीआरएफ के कर्मियों ने श्रीलंकाई अधिकारियों को बचाव और राहत प्रयासों में सहायता जारी रखी।

श्रीलंका के आपदा प्रबंधन केंद्र (डीएमसी) की ओर से रविवार शाम छह बजे जारी किए गए ताजा आंकड़ों के अनुसार, 16 नवंबर से दित्वा और चरम मौसम की स्थिति के कारण आई विनाशकारी बाढ़ और भूस्खलन में अब तक 334 लोगों की मौत हो चुकी है और 370 लोग लापता हैं। डीएमसी ने बताया कि 3,09,607 परिवारों के 11,18,929 लोग खराब मौसमी स्थितियों से प्रभावित हुए हैं।

एनडीआरएफ की टीम ने कोलंबो के कोच्चिकड़े में बचाव अभियान चलाया। श्रीलंका में भारतीय उच्चायोग ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, श्रीलंकाई अधिकारियों के साथ मिलकर काम करते हुए, उन्होंने गंभीर बाढ़ से प्रभावित परिवारों की सहायता की और तत्काल सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद की। भारत ने ऑपरेशन सागर बंधु के तहत द्वीपीय राष्ट्र में 80 एनडीआरएफ कर्मियों वाली दो शहरी खोज और बचाव टीमें भेजीं, जिससे 'पड़ोसी प्रथम' की भावना की पुष्टि हुई। विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने सोशल मीडिया पर लिखा, एनडीआरएफ के कर्मी श्रीलंका में स्थानीय अधिकारियों के साथ करीबी समन्वय के तहत राहत अभियान जारी रखे हुए हैं।

भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टरों ने एक साहसिक अभियान के तहत भारत, जर्मनी, स्लोवानिया, ब्रिटेन और दक्षिण अफ्रीका के नागरिकों समेत फंसे हुए यात्रियों को एक प्रतिबंधित क्षेत्र से बाहर निकाला। भारतीय वायुसेना ने रविवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, एक गरुड़ कमांडो को समूह को सड़क या पथ के बजाय खेतों, जंगलों आदि के माध्यम से निर्देशित करते हुए कोटमाले में पूर्व-संचालित हेलीपैड तक ले जाने के लिए नीचे उतारा गया, जहां से 24 यात्रियों - जिनमें भारतीय, विदेशी नागरिक और श्रीलंकाई शामिल थे - को कोलंबो पहुंचाया गया। वायुसेना ने कहा कि एक समानांतर अभियान के दौरान तीन गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को तत्काल चिकित्सा सहायता के लिए हेलीकॉप्टर के जरिये अस्पताल भेजा गया। इसके अलावा वायुसेना की टीम ने श्रीलंकाई सेना के पांच टीमों (40 सैनिकों) को भी दियाथलावा सैन्य शिविर से कोटमाले क्षेत्र में भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों के लिए हेलीकॉप्टर से पहुंचाया।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने भारतीय वायुसेना के अभियान के बाद कहा, जरूरत के समय में हम साथ हैं। विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत से दो चेतक हेलीकॉप्टर भी बचाव अभियान में शामिल हुए। साहस और धैर्य का असाधारण प्रदर्शन करते हुए, शनिवार को एक चेतक टीम ने छत पर फंसे चार लोगों के एक परिवार को बचाया। इस बीच, भारतीय वायुसेना ने त्वरित मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) कार्यों के लिए कोलंबो में एमआई-17 वी5 हेलीकॉप्टर भी तैनात किए हैं।

भारतीय वायुसेना ने कहा, भारतीय नागरिकों को बड़े पैमाने पर निकालने के लिए भारतीय वायुसेना के परिवहन विमानों को तैनात किया गया है, तथा त्रिवेंद्रम और हिंडन से कई मिशनों की योजना बनाई गई है। उसने कहा कि प्रभावित समुदायों की सहायता के लिए निकासी के साथ-साथ भीष्म क्यूब्स और चिकित्सा आपूर्ति सहित आवश्यक राहत सामग्री भी हवाई मार्ग से पहुंचाई जा रही है। वायुसेना ने कहा कि भारतीय मिशन द्वारा आवश्यक आपूर्ति, सूखा राशन, कपड़े और ईंधन सहित राहत सहायता की एक खेप पूर्वी प्रांत के मुख्य सचिव और त्रिंकोमाली जिला प्रशासन को सौंप दिया गया। वहीं, कोलंबो स्थित भारतीय उच्चायोग यहां फंसे भारतीयों को निकालने में मदद कर रहा है।

चक्रवात प्रभावित श्रीलंका में खराब मौसम के कारण कोलंबो हवाई अड्डे पर फंसे 320 से अधिक भारतीय नागरिकों को रविवार को वापस घर भेजा गया। भारतीय उच्चायोग ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, कोलंबो से दो आईएएफ विमान, एक (विमान) 247 यात्रियों के साथ तिरुवनंतपुरम के लिए और एक (विमान) 76 यात्रियों के साथ दिल्ली (हिंडन) के लिए उड़ान भरी। उच्चायोग ने कहा कि वह (भारतीय उच्चायोग) फंसे हुए भारतीय यात्रियों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है और उनकी शीघ्र स्वदेश वापसी को लेकर सुविधा प्रदान कर रहा है। उच्चायोग ने कहा कि श्रीलंका के फंसे भारतीय यात्री आपातकालीन नंबर +94 773727832 पर संपर्क कर सकते हैं या कोलंबो स्थित भंडारनायके अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अब कार्यशील एयरलाइन के काउंटर पर संपर्क कर सकता है।

# दूल्हे को वरमाला पहनाने के बाद प्रेमी संग दुल्हन फरार



**उन्नाव।** यूपी के उन्नाव जिले में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक शादी समारोह में उस समय हंगामा मच गया जब वरमाला की रस्म के तुरंत बाद दुल्हन कथित तौर पर अपने प्रेमी के साथ भाग गई। पुलिस ने सोमवार को घटना के बारे में जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना शनिवार देर रात पुरवा पुलिस थाने के एक गांव में हुई। यहां शादी के दौरान दूल्हे को वरमाला पहनाने के बाद दुल्हन अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। फिलहाल मामले में दूल्हा पक्ष की ओर से शिकायत दर्ज कराई गई है।

पुलिस के मुताबिक, अजयपुर गांव में एक बारात पहुंची थी, जहां वर और वधू पक्ष के परिवारों ने पारंपरिक द्वार चारह्व और अन्य रस्में पूरी कीं। दूल्हा-दुल्हन ने रिवाज के मुताबिक एक-दूसरे को वरमाला पहनायी। इसके तुरंत बाद दुल्हन अपने कमरे में चली गई जबकि दूल्हे का परिवार दूसरी तैयारियों में व्यस्त हो गया। बाद में जब परिवार के सदस्य फेरे की रस्म के लिए दुल्हन को बुलाने के लिए गए तो वह कमरे में नहीं मिली। पुलिस ने बताया कि काफी ढूंढने के बाद भी वह नहीं मिली तो बाद में परिवारों को जानकारी मिली कि एक स्थानीय युवक दुल्हन को अपने साथ ले गया है। पुलिस ने बताया कि दुल्हन के पिता ने उस लड़के से फोन पर बात की, जिसके बाद दुल्हन ने खुद अपने पिता से बात की। उसने अपने प्रेमी के साथ रहने और उससे शादी करने की इच्छा जताई। एक चश्मदीद ने बताया कि इस घटनाक्रम से स्तब्ध दोनों परिवारों के बीच कहासुनी हुई और दूल्हे पक्ष के लोगों को खाली हाथ ही वहां से लौटना पड़ा। दुल्हन के पिता ने पुरवा पुलिस थाने में उसके कथित प्रेमी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और कानून के मुताबिक कार्रवाई की जाएगी।



## धर्मशाला में चिट्टे के खिलाफ महा वॉकथॉन, सैकड़ों लोग हुए शामिल

हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिला मुख्यालय धर्मशाला में सोमवार को चिट्टे के खिलाफ महा वॉकथॉन का आयोजन किया गया। वॉकथॉन में सैकड़ों स्कूली छात्रों, कॉलेज विद्यार्थियों, महिला मंडलों, युवा क्लबों, स्वयंसेवी संस्थाओं, व्यापारिक संगठनों और आम लोगों ने भागीदारी की। इस दौरान प्रतिभागियों ने हिमाचल पुलिस आर्केस्ट्रा(हारमनी ऑफ द पाइंस) की धुनों पर जमकर डांस किया और नशे से दूर रहने का संदेश दिया।

# गोद भराई से एक दिन पहले फंदे से लटके प्रेमी युगल



**बिजनौर।** जमालुदीनपुर गांव निवासी अंशु (21) और शिवानी (18) के शव शहतूत के पेड़ से फंदों पर लटके मिले। पुलिस ने प्राथमिक जांच के बाद प्रेमी युगल के आत्महत्या करने का दावा किया है। बताया कि शिवानी की शादी कहीं ओर तय करने की बात चल रही थी। सोमवार को लड़का पक्ष के लोग शिवानी को देखने के लिए आने वाले थे। इससे पहले ही युवती ने प्रेमी के साथ अपनी इहलीला समाप्त कर ली।

रविवार की सुबह लोगों ने गांव के पास ही शहतूत के पेड़ पर एक लड़का और लड़की के शव लटके देखे। सूचना पर गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीण मौके की ओर दौड़े। लोगों ने उनकी शिनाख्त गांव निवासी अंशु पुत्र रवि कुमार और शिवानी पुत्री रामवीर के रूप में की। एएसपी देहात प्रकाश कुमार और चांदपुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शवों को नीचे उतरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गांव वालों ने बताया कि अंशु स्नातक का छात्र था और नौकरी के लिए घर पर रहकर आनलाइन कोचिंग से तैयारी कर रहा था। जिस खेत में पेड़ पर दोनों के शव लटके मिले हैं, वह खेत अंशु के घेर के बेहद नजदीक है। एएसपी देहात ने बताया कि दोनों के बीच प्रेम प्रसंग था, मगर लड़की के परिवार वाले उसकी शादी अंशु के बजाए चांदपुर के पास एक गांव में करना चाहता थे। .छह दिन पहले उस लड़के को देखने भी गए थे और अब सोमवार को वह शिवानी को देखने के लिए आने वाले थे। परिजनों ने शिवानी के पसंद आने पर गोदभराई की रस्म की तैयारी की हुई थी। बताया कि शिवानी इस रिश्ते को लेकर तनाव में थी और शनिवार रात में किसी समय दोनों ने घर से निकलकर आत्महत्या कर ली।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376**। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार। E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा ब्रज
www.nnindianews.com
सोमवार, 01 दिसंबर, 2025


## बारात पर ईंट-पत्थरों से हमला, दूल्हे का भाई गंभीर घायल, दुल्हन अस्पताल पहुंची

एनएनआई




**फिरोजाबाद।** रामगढ़ थाना क्षेत्र स्थित किरन मैरिज होम में शनिवार रात एक विवाह समारोह के दौरान 5-6 हमलावरों ने बारात पर ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। इस हमले में दूल्हे का भाई गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि चार अन्य लोगों को भी चोटें आईं। घायल युवक को तत्काल एक निजी ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

बारात सादाबाद के कुरसंडा गांव से आई थी। दुल्हन पक्ष के कार्यक्रम के दौरान हुए इस हमले से विवाह स्थल पर अफरा-तफरी मच गई। घायल दूल्हे के भाई को देखने के लिए दुल्हन बनी कविता पुत्री महावीर सिंह निवासी आम्बेडकर पार्क सैलई थाना रामगढ़ भी रात में अपने परिजनों के साथ अस्पताल पहुंची।

हमले के कारण शादी की रस्में लगभग 12 घंटे तक रोक दी गईं। रविवार सुबह स्थिति सामान्य होने के बाद फेरे संपन्न कराए गए। घटना के सीसीटीवी फुटेज में कुछ युवक हाथों में ईंट लिए साफ दिखाई दे रहे हैं। पुलिस फुटेज के आधार पर हमलावरों की पहचान करने में जुटी है। रामगढ़ थाना इंस्पेक्टर संजीव दुबे ने बताया कि हमले में एक व्यक्ति का सिर फट गया था।

पीड़ित पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है और पुलिस टीम रात में ही मौके पर पहुंच गई थी। इस घटना से विवाह समारोह में शामिल परिजनों में आक्रोश है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# एकादशी पर गोवर्धन मार्ग पर उमड़ा भक्तों का रेला

### संत प्रेमानंद भी लगा रहे परिक्रमा, गिरिराज की जय-जयकार

एनएनआई

**मथुरा।** एकादशी की दिव्य और पुण्यदायिनी घड़ी पर आज सुबह नौ बजे संत प्रेमानंद महाराज ने राधा कुंड स्थित छटीकरा तिराहे से गिर्राज परिक्रमा आरंभ की। जैसे ही महाराज ने गिर्राज धरणी की ओर पहला कदम बढ़ाया, वातावरण में भक्ति का ऐसा आलोक फैला कि मानो संपूर्ण ब्रजभूमि एकाग्रता में डूब गई हो। एकादशी के व्रत और साधना के इस सुयोग्य अवसर पर सैकड़ों भक्तजन महाराज के साथ श्रद्धा के दीप जलाए आगे बढ़ते रहे।



राधे राधे की गूंज, गिर्राज सरकार की जयध्वनि और संत के शांत तेज से युक्त मुखमंडल के साथ यात्रा की शुरूआत ने मार्ग को तीर्थ बना दिया। महिलाएं, वृद्ध, युवा और बालक सभी भाव विभोर होकर साथ चल पड़े। पुलिस फोर्स सुरक्षा हेतु तैनात रहा, परन्तु श्रद्धा के अनुशासन ने व्यवस्था को सहज बनाए रखा।

भक्तों का कहना था कि एकादशी पर संत के द्वारा गिर्राज की परिक्रमा शुरू करना आध्यात्मिक साधना का उच्चतम स्वरूप है, जहां व्रत, भक्ति और विनम्रता तीनों का संगम दिखाई दिया। बिना किसी औपचारिक घोषणा के निकली इस परिक्रमा ने जनसैलाब को ऐसा आकर्षित किया कि मार्ग के प्रत्येक मोड़ पर स्वागत की भावना स्वतः उमड़ती रही। गिर्राज की परिक्रमा में चलते हुए महाराज ने भक्तों को केवल संकीर्तन और मौन साक्षात्कार से ही संदेश दिया कि एकादशी में शरीर से अधिक मन की साधना महत्त्वपूर्ण है। परिक्रमा फिलहाल जारी है और भक्तों की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है।

## युवक को अज्ञात वाहन ने रौंदा...शव के उड़ गए चिथड़े



एनएनआई

**मथुरा।** थाना रिफाइनरी 9 नंबर गेट के सामने सुबह दर्दनाक हादसा हुआ। बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि शव के चिथड़े उड़ गए। घटना को लेकर परिजनों का आक्रोश फूट पड़ा। उन्होंने सर्विस रोड पर जाम लगा दिया।

गांव बेरी निवासी युवक शादी समारोह में शामिल होकर बाइक से लौट रहा था। रास्ते में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। युवक का शरीर क्षत-विक्षत हो गया। लोगों ने दुर्घटना के लिए सर्विस रोड पर गलत व अवैध रूप से खड़े ट्रक व सीएनजी टैंकर को जिम्मेदार ठहराया।

हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव उठाने का प्रयास किया तो लोग भड़क गए। पुलिस से नोकझोंक भी हुई। थाना रिफाइनरी प्रभारी अजय वर्मा ने बताया कि लोगों को समझा-बुझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## अष्टम सामूहिक एकादशी उद्यापन में हुई कथा, 71 जोड़े हुए शामिल

एनएनआई

**आगरा।** श्रीराम सेवा समिति रजि. आगरा द्वारा दो दिवसीय अष्टम सामूहिक एकादशी उद्यापन के प्रथम दिन सोमवार को ईश्वरीराम पंजवानी सिंधी धर्मशाला कपड़ा मंदिर के पीछे बल्केश्वर आगरा पर आयोजित की गई।

उद्यापन कार्यक्रम में आगरा सहित यूपी,महाराष्ट्र,गुजरात, राजस्थान,व अन्य कई प्रान्तों के 71 जोड़े शामिल हुए। प्रथम दिन की शुरूआत पूजा अर्चना और एकादशी कथा के आयोजन से हुई।



आयोजन में आगरा सहित अलग अलग प्रांतों पहुंचे 71 जोड़ो द्वारा हेमाद्री पूजन किया गया। इसके बाद यज्ञ के लिए अग्नि की स्थापना की गई व मुख्य आचार्य या कथावाचक पवन उपाध्याय द्वारा एकादशी से संबंधित विभिन्न कथाओं का पाठ किया गया,जिसमें सभी 26एकादशी अध्यायों का वर्णन किया गया।एकादशी कथा के साथ-साथ ग्रह होम और अन्य संबंधित अनुष्ठान किए गए कथा के बाद विधि-विधान से गद्दी और कलश का पूजन किया गया। इसके पश्चात आयोजकों द्वारा ब्राह्मणों और अतिथियों के लिए फलाहारी भोजन कराया गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में पहुंचे भक्तों ने कथा की अमृत बर्षा का रसपान किया व पूरा बातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में समिति की संस्थापक बॉबी अग्रवाल व संस्थापिका नीतू अग्रवाल,अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता,कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल,महामंत्री संजय श्रीवास्तव,राजा चौधरी,अनुज जिंदल,देवेश अग्रवाल,राजीव गर्ग महिला मंडल अध्यक्ष कुमकुम उपाध्याय, कोषाध्यक्ष आयुषी अग्रवाल,रिशु मित्तल, महामंत्री रमा गुप्ता,राखी अग्रवाल,गायत्री गुप्ता, कुसुमलता,शेकी जैन,रेखा सोलंकी,नंदनी अग्रवाल, अनिल एडवोकेट,यश अग्रवाल,मीडिया प्रभारी उमेश अग्रवाल मौजूद रहें।

# सड़क हादसे ने छीन लिए भविष्य के दो डाक्टर

## आईएसबीटी के समीप सड़क हादसे में गई जान

### घटना के दो घंटे तक तड़पते रहे दोनों छात्र

एनएनआई

**आगरा।** हाइवे पर आईएसबीटी के पास बाइक सवार दो युवकों की सड़क हादसे में मौत हो गई। दोनों अपने सहपाठी को बोदला छोड़कर वापस बाइक से लौट रहे थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन से टक्कर होने पर दोनों घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों उछलकर 10 फीट दूर गिरे। दोनों के सिर डिवाइडर से टकरा गए। हेलमेट फट गया दोनों युवक एमबीबीएस तृतीय वर्ष के छात्र थे। एक घंटे तक बच्चे सड़क पर तड़पते रहे। न पुलिस आई और न ही किसी राहगीर ने बच्चों को अस्पताल पहुंचाया। किसी राहगीर ने बच्चों को अस्पताल पहुंचाया। मृतक छात्र सिद्ध के पिता कारोबारी राजेश अग्रवाल रोते हुए ये बातें लोगों से कह रहे थे।




कमला नगर के विमल वाटिका निवासी राजेश की जेनरेटर पार्ट्स बनाने की फैक्टरी है। बड़ा बेटा अक्षत एक कंपनी में साफ्टवेयर इंजीनियर हैं। सिद्ध ने नीट में अच्छे अंक प्राप्त किए थे। इस कारण एसएन मेडिकल कॉलेज में प्रवेश मिला था। होनहार बेटे की मौत से पिता सदमे में हैं। पोस्टमार्टम हाउस में वह कह रहे थे कि उनका सब कुछ छिन गया। परिवार के लोग उन्हें सांत्वना दे रहे थे। पिता ने बताया कि बेटा घर से दो बजे स्कूटर लेकर निकला था। रास्ते में कहीं स्कूटर खड़ी की और तनिष्क के साथ उसकी बाइक पर चला गया। शाम पांच बजे के करीब हादसा हुआ। उन्हें जानकारी काफी देर बाद मिली। घायल हुए दोनों बच्चे हाईवे पर ही तड़पते रहे। आसपास से लोग गुजरते रहे, लेकिन किसी ने समय पर अस्पताल पहुंचाना जरूरी नहीं समझा। किसी सहपाठी ने बेटे के मोबाइल पर कॉल की तो उसका मोबाइल किसी अनजान व्यक्ति ने उठाया। उस व्यक्ति ने कहा कि जिसका मोबाइल है, वह हादसे में घायल हो गए हैं। इस बारे में पता चलने पर एसएन के बॉयज हॉस्टल से भागते हुए बड़ी संख्या में साथी छात्र घटनास्थल पर पहुंच गए। वह दोनों को ई-रिक्शा से एसएन इमरजेंसी लेकर आए। इलाज में देरी होने के कारण दोनों बच्चों की मृत्यु हो गई। घटना के बाद बेटे का मोबाइल भी नहीं मिला है।

हाईवे पर हादसा हुआ लेकिन पुलिस को जानकारी काफी देर बाद हुई। सहपाठियों ने ही पुलिस को बताया। दोनों एमबीबीएस छात्रों की मृत्यु की सूचना पर एसएन मेडिकल कॉलेज इमरजेंसी पर छात्रों का हुजूम इकट्ठा हो गया। छात्र छात्राएं रोने लगे तो सिद्ध के पिता राजेश ने उनके हाथ जोड़े और समझाकर वहां से भेजा। एसएन के प्राचार्य डॉ. प्रशांत गुप्ता ने कहा कि आज हमने भविष्य के दो होनहार डॉक्टर खो दिए। घटना काफी दुखद है।

# बारात से वापस आते समय हमला, सिर फटा

### हमलावरों ने घर पहुंचकर भी बरसाए ईंट-पत्थर, महिला दहशत में

एनएनआई

**आगरा।** थाना ट्रांसयमुना क्षेत्र में 100 फुटा ओवरब्रिज शाहदरा पर रविवार रात बारात से लौट रहे लोगों पर कुछ युवकों ने घात लगाकर हमला कर दिया। मारपीट में विद्यानगर निवासी सोनू के सिर में गंभीर चोटें आईं। पीड़ित ने थाना प्रभारी को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

सोनू ने बताया कि वह और उसके साथी एत्मादपुर में एक बारात में शामिल होकर लौट रहे थे। जैसे ही वे 100 फुटा ओवरब्रिज पर पहुँचे, तभी गौतम सिंह, उसका बेटा राहुल, राहुल का साला, शिवा पुत्र शैतान सिंह और छोटू पंडित ने अचानक हमला बोल दिया। आरोप है कि इन लोगों से पहले भी रंजिश चली आ रही है और बारात के दौरान भी विवाद हुआ था, जिसे उस समय लोगों ने समझाकर शांत करा दिया था। सोनू का कहना है कि आरोपी पहले से घात लगाए बैठे थे और लौटते ही सिर पर वार कर दिया। इसके बाद आरोपी उनके घर



भी पहुँच गए और ईंट-पत्थर फेंककर तोड़फोड़ की।

उस समय घर पर केवल महिलाएं मौजूद थीं, जो डर के मारे चीखने लगीं। शोर सुनकर ओमप्रकाश मौके पर पहुंचे तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट कर दी।

पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# कनपटी पर तमंचा लगा डॉक्टर से लूटी सोने की चेन

- कार सवार चार बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम, थाना एत्माद्दौला क्षेत्र के सैयद कट की घटना
- पुलिस घटना को मान रही संदिग्ध

एनएनआई

**आगरा।** एत्माद्दौला थाना क्षेत्र में रविवार देर रात कार सवार चार बदमाशों ने फिरोजाबाद से घर लौट रहे डॉक्टर को निशाना बनाया। बदमाशों ने डॉक्टर की कार को ओवरटेक कर रोक लिया और चालक सीट का शीशा तोड़कर कनपटी पर तमंचा लगा सोने की चेन लूट ली। बदमाश कार की चाबी भी ले गए। शोर मचाने पर राहगीरों रुकता देख बदमाश रामबाग की ओर फरार हो गए। वारदात से दहशत में आए डॉक्टर सड़क पर गिर पड़े। उन्होंने पुलिस को घटना की सूचना दी।

ट्रांस यमुना फेस-2 निवासी डॉ. प्रेम राज हड्डी रोग विशेषज्ञ हैं। उनका क्लिनिक फिरोजाबाद नगर निगम बाजार में है। रोज की तरह रविवार रात लगभग 11 बजे वह कार से घर लौट रहे थे। सैयद कट के सामने मोड़ पर पहुंचते ही कार सवार बदमाशों ने ओवरटेक कर गाड़ी रोक दी। कार से उतरे तीन बदमाशों ने शीशा तोड़ा और डॉक्टर की कनपटी पर तमंचा लगाकर उनके गले से सोने की चेन खींच ली। लूटी गई चेन की कीमत दो लाख रुपये बताई गई है।

घटना के दौरान चिकित्सक के शोर मचाने पर वहां से गुजर रहे राहगीरों को रुकता देखकर बदमाश अपनी कार से रामबाग की ओर भाग निकले। घटना से बुरी तरह दहशत में आए डॉक्टर सदमे में सड़क पर गिर पड़े। कुछ देर बाद उन्होंने डायल 112 पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस और पीआरवी ने प्रारंभिक जानकारी लेकर सुबह तक कार्रवाई की बात कही। बाद में पीड़ित ने परिजनों के साथ थाने पहुंच तहरीर दी। एसीपी छत्ता शेषमणि उपाध्याय का कहना है कि मौके पर पुलिस पहुंची इस तरह की घटना की पुष्टि नहीं हो पाई है।

# कोल्ड स्टोर के नाम पर हड़प लिए 4.39 करोड़ रुपए

### कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी

एनएनआई

**आगरा।** कमला नगर के कारोबारी श्रेष्ठ बंसल ने कोल्ड स्टोरेज के सौदे में डिजिटल हस्ताक्षर से 4.39 करोड़ रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। उनके प्रार्थनापत्र पर न्यायालय के आदेश पर थाना हरीपर्वत में 9 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोपियों पर कूटरचित दस्तावेज बनाने के भी आरोप हैं। श्रेष्ठ बंसल का आरोप है कि जनवरी 2025 में बिचौलिया ब्रजेश के माध्यम से नेहरू नगर के संदीप मित्तल और उनके परिवार से बातचीत हुई। उन्होंने एत्मादपुर के पीलीपोखर क्षेत्र में स्थित अपने गोमित कोल्ड स्टोर को बेचने का प्रस्ताव दिया। सौदा तय होने पर 21 हजार रुपये एडवांस लेकर लिखित इकरारनामा किया। 31 जनवरी 2025 को उनके पिता विजय कुमार को कंपनी का डायरेक्टर नियुक्त किया गया।तय हुआ कि जैसे-जैसे उनके परिवार के लोग रिटायर होंगे, वादी के परिवार के लोगों को कंपनी में पद दे दिए जाएंगे। आरोपियों के साथी सीए ने नियुक्ति से संबंधित सभी औपचारिकताएं पूरी करते समय उनके डिजिटल हस्ताक्षर की पेन ड्राइव अपने पास रख ली। कोल्ड स्टोर के संचालन के लिए मरम्मत, नवीनीकरण, बिजली, मशीनरी और सप्लायरों के भुगतान के रूप में कुल 3.38 करोड़ रुपये लिए गए। जबकि संदीप मित्तल के परिवार वालों के खातों में 69 लाख रुपये ट्रांसफर किए गए। कुल 4.39 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। कोल्ड स्टोर के संचालन के दौरान आई पूरी आमदनी भी संदीप मित्तल ने ले ली। भुगतान के बाद जमीन का बैनामा, शेयर ट्रांसफर और निदेशक पद से हटने की प्रक्रिया पूरी करने का समय आने पर आरोपी टालमटोल करते रहे। श्रेष्ठ का कहना है कि आरोपियों ने पूर्व नियोजित साजिश के तहत पिता के डिजिटल हस्ताक्षर का दुरुपयोग करते हुए उन्हें कंपनी से रिटायर दिखा दिया। इसके बाद 14 अगस्त को एक नया फर्जी विक्रय अनुबंध तैयार कर लिया। 14 नवंबर को आरोपियों ने नए कथित खरीदारों के साथ कोल्ड स्टोर पर कब्जे की कोशिश की। विरोध करने पर धमकाने पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। कार्रवाई न होने पर न्यायालय की शरण ली है। थाना प्रभारी हरीपर्वत का कहना है कि संदीप मित्तल, प्रेमा मित्तल, शालिनी मित्तल, साक्षी मित्तल, यश मित्तल, सीए जगदीश अग्रवाल, संजीव मित्तल, विवेक मित्तल और जीवन लाल मित्तल पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोपों की जांच की जा रही है।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

# भाजपा पार्षद के थप्पड़ ने कराया हंगामा

### गलती मानने पर शांत हुआ मामला

एनएनआई

**आगरा।** कमलानगर क्षेत्र के भाजपा पार्षद प्रदीप अग्रवाल पर युवक के साथ मारपीट का आरोप लगा है। युवक के परिजनों ने पार्षद के घर के बाहर जमकर हंगामा किया। मोहल्ले के लोग एकत्रित हो गए। मामला थाने तक पहुंच गया। हंगामे के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।कमला नगर बृज विहार निवासी रितु गोयल ने बताया कि रविवार दोपहर उनकी बहन का बेटा पवित अग्रवाल एक्टिवा से जा रहा था। वो पार्षद प्रदीप अग्रवाल के घर के बाहर से निकला। उनका कहना है कि वो बहुत तेज एक्टिवा चला रहा था। पार्षद ने दो लोगों के साथ आगे जाकर उसे रोक लिया। इसके बाद पार्षद और उनके साथ के लोगों ने उसके गाल पर 10-12 थप्पड़ जड़ दिए। वहां मौजूद लोगों ने फोन कर उन्हें बताया कि आपके बेटे के साथ मारपीट हो रही है।

इस पर किशोर के परिजन आ गए। उन्होंने पार्षद प्रदीप अग्रवाल का विरोध करते हुए हंगामा कर दिया। पार्षद के साथ धक्का मुक्की भी की। मोहल्ले के लोग एकत्रित हो गए। काफी देर तक हंगामा हुआ। पार्षद पक्ष के लोग भी आ गए। सूचना पर पुलिस भी आ गई। दोनों पक्ष बृज विहार पुलिस चौकी पहुंच गए। काफी देर तक गहमागहमी का माहौल रहा। बाद में पार्षद के गलती मानने पर मामला रफा-दफा हुआ।

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा
www.nnindianews.com
सोमवार, 01 दिसम्बर, 2025


# एसआईआर निरीक्षण को बूथों पर पहुंचे डीएम

## घर-घर जा रहे हैं बीएलओ, मतदाताओं से जिलाधिकारी ने किया संवाद, तत्काल गणना पत्र भरकर बीएलओ को वापस करने की अपील

एनएनआई

**आगरा।** जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने सर्व प्रथम विधानसभा आगरा कैंट के सेवला जाट क्षेत्र स्थित सघन आबादी के व्यास इंटर कॉलेज पहुंचे जहां बूथ संख्या 435 से 442 तक कुल 8 बूथ पर उपस्थिति बीएलओ, सुपरवाइजर, नोडल अधिकारी आदि से गणना पत्र संकलन, उनके डिजिटाइजेशन की जानकारी ली, उपस्थिति मतदाताओं से संवाद किया, तत्पश्चात जिलाधिकारी ने सघन बस्ती, मोहल्लों में डोर टू डोर संपर्क कर सभी मतदाताओं से गणना पत्र भरकर तत्काल अपने बीएलओ को जमा करने की अपील की, मतदाताओं ने भी जिलाधिकारी से सहजता से संवाद किया और पूर्ण सक्रिय सहयोग की बात की। तत्पश्चात जिलाधिकारी सेवला सराय स्थिति टैगोर पब्लिक स्कूल पहुंचे जहां मतदान केन्द्र पर चलाए जा रहे विशेष



अभियान में बड़ी संख्या में मतदाता अपना गणना पत्र जमा कराने उपस्थित थे, यहां बूथ 443 से 452 तक में कुल गणना पत्र का वितरण, संकलन तथा डिजिटाइजेशन की जानकारी ली तथा बीएलओ, सुपरवाइजर व नोडल अधिकारी को डोर टू डोर संपर्क करने, अलाउंस कराने तथा सभी संकलित गणना पत्रों को डिजिटाइजेशन सेंटर पर डिजिटाइज सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी महोदय ने कांसीराम इंटर कॉलेज, कोटली बगीची, देवरी रोड, सहित शहरी विधानसभाओं के विभिन्न बूथों का निरीक्षण कर सभी मतदाताओं से अपील की कि वे अपना गणना पत्र भर कर बीएलओ को वापस कर दें, जिससे कि उनका नाम मतदाता सूची ड्राफ्ट में शामिल हो सकें।

### एसआईआर अभियान में सात दिन की राहत

आगरा। चुनाव आयोग ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में सात दिन की राहत दे दी है। आयोग ने महत्वपूर्ण चरणों की तिथियां सात दिन आगे बढ़ा दी हैं। अब गणना फार्म दाखिल करने और संबंधित कार्यों की समय सीमा चार दिसंबर की जगह 11 दिसंबर कर दी गई है। यह बदलाव आयोग के 27 अक्टूबर 2025 के पुराने आदेश को संशोधित करते हुए लागू किया गया है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के साथ 12 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेश अंडमान-निकोबार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, लक्षद्वीप, मध्य प्रदेश, पुडुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में एसआईआर जारी है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार मतदान केंद्रों का पुनर्व्यवस्थापन अब 11 दिसंबर तक पूरा किया जाएगा।जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने जानकारी दी कि रविवार को भी सभी परिषदीय विद्यालय में एसआईआर का कार्य बीएलओ करेंगे। अभियान को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए बीएलओ ऑफ द डे जैसे प्रोत्साहन कार्यक्रम भी शुरू किए गए हैं।नई अनुसूची के अनुसार ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन 12 से 15 दिसंबर के बीच होगा, जबकि दावे और आपत्तियां 16 दिसंबर से 15 जनवरी 2026 तक स्वीकार किए जाएंगे। सभी दावों-आपत्तियों का निस्तारण सात फरवरी 2026 तक और मतदाता सूची की रिपोर्ट 10 फरवरी तक भेजनी होगी। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 14 फरवरी 2026 को किया जाएगा।

## लापरवाही: हादसे में शोरूम मालिक के कारीगर बाल-बाल बचे



एनएनआई

**आगरा।** ट्रांस यमुना थाना क्षेत्र के कालिंदी विहार में नगर निगम द्वारा चल रहे नाला निर्माण के दौरान लापरवाही का बड़ा मामला सामने आया है। रविवार को निर्माण कार्य के बीच फोरन फर्नीचर शोरूम का आगे का हिस्सा अचानक ढह गया। हादसे में शोरूम के दो कारीगर बाल-बाल बचे। शोरूम संचालक पवन बघेल ने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी की गई, जिसके चलते यह दुर्घटना हुई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए। उनका कहना था कि ठेकेदार द्वारा मनमाने तरीके से खुदाई की जा रही थी। हमने उनसे कहा था कि ज्याा गहरा गड्ढा न करें। दीवार से थोड़ा दूर गड्ढा किया जाए, लेकिन उन्होंने कोई सुनवाई नहीं की। यदि निर्माण एजेंसी द्वारा सावधानी बरती जाती, तो यह घटना टाली जा सकती थी। उनका शटर, कांच के ग्लास और फर्नीचर का नुकसान हुआ है। शोरूम मालिक द्वारा लगभग 8 से 10 लाख रुपये का नुकसान बताया जा रहा है।आरोप है कि ठेकेदार द्वारा नाला निर्माण के दौरान निकलने वाली मिट्टी को 1000 रुपये प्रति ट्रॉली के हिसाब से बेचा जा रहा है। मिट्टी बेचने के लालच में सभी मानकों को ताक पर रखकर निर्माण कार्य किया जा रहा है।नाला निर्माण के दौरान लापरवाही के चलते पूर्व में ॐ वाटिका के समीप स्थित बिल्डिंग मटेरियल की दुकान का अगला हिस्सा गिर गया था। कुछ समय बाद ही रात्रि में ट्रांस यमुना थाने के समीप मौजूद अमरदीप ढाबे का अगला हिस्सा रात्रि में भरभरा कर गिरा था। हादसे के वक़्त अंदर मौजूद कारीगर और संचालक का छोटा भाई बाल-बाल बचे थे।



# सेवा भावी बनें परिवार, सबको मिलें सनातन धर्म के संस्कार..

## आगरा आरोग्यम क्लब और जनक परिवार ने किया 'राजा जनक : एक झलक ग्रंथ' का लोकार्पण

- ग्रंथ में आगरावासियों को जनकपुरी महोत्सव के साथ 'राजा जनक' की मिलेगी झलक

एनएनआई

**आगरा।** ताकि सेवा भावी बनें परिवार, सबको मिलें सनातन धर्म के संस्कार.. इस मनोभाव के साथ इस बार जनकपुरी महोत्सव कमला नगर में राजा जनक की सफल और गरिमामयी भूमिका का निर्वाह करने वाले समाज सेवी-उद्यमी राजा जनक राजेश अग्रवाल के जीवन पर प्रकाशित ग्रंथ राजा जनक : एक झलक का लोकार्पण रविवार को जनक परिवार और आरोग्यम क्लब द्वारा राजा जनक के कुबेरपुर स्थित फार्म हाउस पर शहर के गणमान्य




लोगों की उपस्थिति में किया गया।

स्वागत उद्बोधन देते हुए राजा जनक राजेश अग्रवाल ने कहा कि इस ग्रंथ का यही मूल उद्देश्य है कि हमने अपने जीवन काल में बड़े-बड़े महात्माओं और साधु संतों से आशीर्वाद स्वरुप जो ज्ञान अर्जित किया है, उसका लाभ आने वाली पीढ़ी तथा समाज को भी अवश्य मिलना चाहिए। हमें अपने सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार में आगे रहना चाहिए।

ग्रंथ के संपादक कवि कुमार ललित ने कहा कि इस ग्रंथ को पढ़ कर अगर कुछ लोग भी जरूरतमंदों की मदद, बड़े बुजुर्गों का सम्मान या गौ माता की सेवा करने लगे तो ग्रंथ का प्रकाशन सफल होगा। जिला उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष न्यायाधीश सर्वेश कुमार ने कहा कि आज सामाजिक क्षेत्र में हर जगह अच्छे लोगों और कार्यकताओं की कमी महसूस होने लगी है। ऐसे में राजेश अग्रवाल जी जैसे लोग एक उदाहरण और मिसाल हैं जिनसे प्रेरणा लेकर अच्छे और सज्जन लोग सामाजिक क्षेत्र में आगे आ सकते हैं ताकि समाज को अच्छे लोगों की कमी महसूस न हो।

श्री जनकपुरी महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष मुरारी प्रसाद अग्रवाल ने कहा कि इस बार जनकपुरी में राजा जनक के रूप में राजेश अग्रवाल का चयन होने पर कमला नगर ही नहीं, सभी आगरा वासियों की प्रसन्नता भी खूब छलकती रही। लघु उद्योग भारती के प्रदेश सचिव मनीष अग्रवाल, जिलाध्यक्ष विजय गुप्ता, मोतीगंज व्यापार समिति के अध्यक्ष महावीर प्रसाद मंगल, आगरा व्यापार मंडल के अध्यक्ष टीएन अग्रवाल, सुनील विकल, राजकुमार भगत, सीए संजीव माहेश्वरी, नीतेश अग्रवाल सर्राफ, सर्वेश वाजपेयी, सीताराम अग्रवाल और राजेश खुराना ने भी राजा जनक राजेश अग्रवाल के सेवा-कार्यों की सराहना की। इससे पूर्व, श्रीमती संगीता अग्रवाल ने सरस्वती वंदना से सबको भाव-विभोर कर दिया। श्रीमती श्रुति सिन्हा ने समारोह का संचालन किया। अतिथियों का स्वागत अनुराज अग्रवाल, पलक अग्रवाल, पर्व अग्रवाल और मलाइका अग्रवाल ने किया।

# ध्वज वंदन कार्यक्रम में हुई एस.आई.आर पर चर्चा

एनएनआई

**आगरा।** राजपुर चुंगी, महादेव नगर वार्ड-23 पर कांग्रेस सेवादल शहर अध्यक्ष सचिन चौधरी ने ध्वज वंदन कार्यक्रम की शुरूआत वंदेमातरम् के साथ की। ध्वजारोहण कांग्रेस पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अनिल शर्मा ने किया। संचालन राम वकील धाकरे ने किया।उसके बाद एस.आई.आर. एवं मतदाता जागरूकता अभियान पर विस्तृत चर्चा की गई। रवि मिलन कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी अमीन मास्टर जी व अशोक कुमार शर्मा का माला पहनाकर सम्मान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि हर नागरिक को सघन निरीक्षण मतदाता अभियान में अपनी सक्रिय हिस्सेदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। इसके लिए एस.आई.आर.फॉर्म भरना जरूरी है,जिससे आगामी चुनाव में आप और आपके परिवार के सभी सदस्य



मतदान कर सकें।साथ यह भी अपील की गई कि परिवार के नए सदस्यों के फॉर्म अवश्य भरवाएँ। यदि बीएलओ मतदान केंद्र पर उपलब्ध नहीं होते, तो प्रशासनिक अधिकारियों से उनकी शिकायत दर्ज करवाएँ और यह ध्यान रखें कि 4 दिसम्बर 2025 से पहले फॉर्म जमा करना अनिवार्य है अन्यथा नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाएगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से देवेंद्र शर्मा, धर्मवीर शर्मा,सचिन ऋषि, फैजल जाफरी,कमल शर्मा, प्रवीण शुक्ला,अशोक कुमार, सुनील निगम, मोहम्मद रफीक, अजय कादीर, इमामी खान, नईम खान, यामीन, संजू, राजेन्द्र, राहुल, आकाश, दिलीप कुमार,संजय आदि कांग्रेस जन व क्षेत्रीय नागरिक शामिल रहे।

# छात्रों में अनुशासन, आत्मनिर्भरता तथा सामाजिक उत्तरदायित्व विकसित करते हैं शिविर : शुभांगी शुक्ला

एनएनआई

**आगरा।** सरस्वती शिशु मंदिर कमला नगर आगरा में शनिवार को शीत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडीएम (वित्त एवं राजस्व) शुभांगी शुक्ला ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा शीत शिविर छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण माध्यम है ऐसे शिविर छात्रों में अनुशासन, आत्मनिर्भरता तथा सामाजिक उत्तरदायित्व विकसित करते हैं। मुख्य वक्ता सुनील दीक्षित विभाग कार्यवाह (आगरा विभाग) ने कहा कि योग, खेल व अन्य गतिविधियों के माध्यम



से शिशुओं का मानसिक व शारीरिक विकास होता है। कार्यक्रम के अध्यक्ष रविकांत चावला (सह मंत्री शिशु शिक्षा समिति ब्रज प्रांत) ने कहा कि शीत शिविर एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि शिशुओं के व्यक्तित्व निर्माण का एक सुनहरा अवसर है। मैं विद्यालय परिवार को बधाई देता हूं कि उन्होंने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसा श्रेष्ठ आयोजन किया। प्रधानाचार्य दिनेश चंद्र उपाध्याय ने अतिथि परिचय कराते हुए सभी का स्वागत कर स्मृति चिन्ह प्रदान किये। व्यवस्थापक मुरारी प्रसाद अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। शीत शिविर में कक्षा प्रथम व द्वितीय के 100 शिशुओं ने प्रतिभाग किया।

# सी.एफ. एंड्रूज स्कूल ने भव्यता, उल्लास और उत्साह के साथ मनाया 39वां वार्षिक उत्सव

- बालक-बालिकाओं की अद्भुत प्रस्तुतियों ने सबका मन मोह- लिया

एनएनआई

**आगरा।** सी. एफ. एंड्रूज स्कूल, बल्केश्वर, आगरा के डॉ. राम कन्वेंशन सेंटर (वातानुकूलित प्रेक्षागृह) में भव्यता, उल्लास और उत्साह के साथ 39वां वार्षिक उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का तिलक तथा बैज लगाकर स्वागत एवं पौधे भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ आकाश अग्रवाल (एम. एल. सी. आगरा), कार्यक्रम अध्यक्ष प्रो. पूनम सिंह (प्राचार्या, बैकुंठी देवी कन्या महाविद्यालय , आगरा ) , विशिष्ट अतिथि श्री पवन बंसल ( अध्यक्ष , आगरा मंडल व्यापार प्रकोष्ठ ० समाज सेवी ), विद्यालय




के सीएमडी डॉ गिरधर शर्मा, प्रबंधक सुनीता शर्मा, एमडी शिवांजल शर्मा , इंजी.ओशीन शर्मा, विद्यालय की प्राचार्या रूचि तनवर , कार्यालय अधीक्षक मुनेश अग्रवाल द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व उनके समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। गणेश वंदना के भावपूर्ण समूह नृत्य के साथ कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ। तत्पश्चात विद्यालय की छात्राओं ने राजस्थानी लोक नृत्य के माध्यम से वहाँ की सभ्यता और संस्कृति को दशार्ते हुए सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। विद्यालय के छात्र छात्राओं अनिरुद्ध शर्मा व शेरिल अग्रवाल के द्वारा दृश्य श्रव्य के माध्यम से सभी को प्रभावित करने वाली वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसमें विद्यालय की प्रगति और उपलब्धियों पर समुचित रूप से प्रकाश डाला गया। बालक-बालिकाओं की अद्भुत प्रस्तुतियों ने सबका मन मोह- लिया । रामायण तथा भगवान् नरसिम्हा की पौराणिक कथाओं को दर्शाते सामूहिक नृत्यों ने सभी दर्शकों को रोमांचित करते हुए प्रेक्षागृह के वातावरण को भावमय कर दिया। छात्र - छात्राओं ने सूफी समूह गायन की प्रसिद्ध विधा कव्वाली को प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। जब नन्हें मुन्ने बच्चों ने रंग बिरंगी वेश भूषा में जनजातीय नृत्य प्रस्तुत किया तो पूरा प्रेक्षाग्रह तालियों की गडगडाहट से गूँज उठा । स्कूल के लगभग 400 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग करके एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर भरपूर्ण तालियां बटोरी।

विभिन्न क्षेत्रों में विद्यालय का एवं अपने अपने माता पिता का नाम रोशन करने वाले 8 चमकते रत्नों को पुरस्कृत किया गया तथा सभी मेधावी छात्रों को पुरुस्कृत कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर दिव्या कौर, मंथन श्रीवास्तव, विभोर जैन, प्रदीप कुमार, रूचि कोहली, वंदना, अनुभव, देशदीप शर्मा, सचिन कश्यप, निखिल झा, रोशनी जैन, सोनम गुप्ता, बबली मित्तल, श्रुष्टि अग्रवाल, संजोली गुप्ता , छवि गोयल , प्रेरणा शर्मा , आयुषी , गरिमा, कनिका, दीक्षा, कायरा, प्रियंका, हरिओम, वीर विक्रम सिंह, विजय तिवारी , मनी अग्रवाल, प्रियांशु अग्रवाल आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा । अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रूचि तनवर ने सभी का आभार व्यक्त किया। समारोह की सारी व्यवस्थाएं एनएनओ अलोक वैष्णव एवं जितेन्द्र वर्मा के निर्देशन में एन.सी.सी कैडेट्स द्वारा संभाली गई।

# रिवाज संस्था के वॉकथन में दौड़ा शहर


















एनएनआई

**आगरा।** रिवाज संस्था द्वारा कल पॉलीथिन हटाओ अभियान को लेकर साईकिल व पैदल रैली का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम रिवाज संस्था द्वारा प्रतिवर्ष किया जाता है। शहर की स्वच्छता गरीबों की मदद व दिव्यांगों को सहारा देने में अग्रणी रिवाज संस्था वॉकथन कार्यक्रम को दिनेश बंसल कातिब की स्मृति में उन्हें श्रद्धांजलि देने के रूप में किया जाता है। विदित हो कि स्व. दिनेश बंसल कातिब स्वंय एक अच्छे समाजसेवी थे। वॉकथन का शुभारंभ शकुन बंसल, मुरारी प्रसाद अग्रवाल, कुलदीप पाठक, राहुल बंसल, डॉक्टर जुगल इंदौलिया, मधु सक्सेना द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम में 200 से अधिक लोगों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में सहयोग के लिए रिवाज संस्था की संस्थापिका मधु सक्सेना ने रेखा गुप्ता, वीर सक्सेना, डॉ. ललिता सिंह, निधि वेदी, शुभि दयाल, विशाल रायजादा, वसीम कलाम, ललिता कुमारी व राधाबल्लभ स्कूल के प्रिंसिपल पंकज शर्मा व कार्यक्र में आए सभी अभिभावकों व बच्चों का आभार व्यक्त किया। वॉकथन में सभी ने पॉलीथिन न इस्तेमाल करने की शपथ ली। कार्यक्रम का संचालन प्रशांत सत्संगी द्वारा कियागया।

# पलक झपकते ही बच्चो ने दिये जवाब

## प्रांतीय प्रतियोगिता में करीब 200 बच्चो ने लिया हिस्सा

एनएनआई

**आगरा।** भारत विकास परिषद की संपर्क शाखा ने भारतीय संस्कृति के ज्ञान परीक्षण के लिए 'प्रांतीय भारत को जानो' क्विज प्रतियोगिता का आयोजन अरतौनी स्थित आगरा पब्लिक स्कूल में किया। शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. तरुण शर्मा, मुख्य वक्ता डॉ. केशव दत्त गुप्ता, क्षेत्रीय परिवेक्षक डॉ. राजेश पालीवाल, विशिष्ठ अतिथि एड. बसंत गुप्ता, प्रमोद सिंघल, राहुल गर्ग और हरि नारायण चतुर्वेदी ने दीप प्रज्वलित कर किया। ब्रज प्रांत अध्यक्ष उमेश बंसल और महासचिव सीए विवेक अग्रवाल ने बताया कि भारत को जानो प्रतियोगिता भारत विकास परिषद द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित की जाती है। जिसमे करीब 19000 बच्चो ने शाखा स्तर पर भाग लिया था। आयोजित प्रतियोगिता में




प्रांत से अपने स्कूल से विजेता रही टीमों ने हिस्सा लिया।? 15 विद्यालयो की टीमें अपने सामने क्विज कंटेस्ट में शामिल हुई। बच्चो ने पलक झपकते ही सवालों के जवाब दिए। अध्यक्ष डॉ. दिग्जेंद्र सिंह ने बताया कि प्रांतीय विजेता क्षेत्रीय और फिर राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचेंगे। प्रतियोगिता में विद्यालय के करीब 200 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सचिव इना फौजदार ने बताया कि जूनियर वर्ग में निकुंज शाखा की होली लाइट पब्लिक स्कूल शाहगंज और सीनियर वर्ग में समर्पण शाखा की सीएफ एंड्रूज हाथरस रोड विजेता रही। धन्यवाद प्रभारी शिव कुमार शर्मा ने दिया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष प्रवीन जैन, बिजेंद्र सिंह वर्मा, वीरेंद्र सिंघल, पुष्पेंद्र सिसोदिया, राजेश गोयल, अजित फौजदार, डॉ. मनोज अग्रवाल, विशाल सोलंकी आदि मौजूद रहे।

# पोस्टर प्रतियोगिता में कैडेट्स ने दिखाई कला

एनएनआई




**आगरा।** वन यूपी बटालियन एनसीसी, आगरा से संबध्द सरस्वती विद्या मंदिर कमला नगर आगरा में 78 वां एनसीसी दिवस मनाया गया इस अवसर पर जूनियर डिवीजन और सीनियर डिवीजन के छात्रों का ड्रिल कंपटीशन हुआ कार्यक्रम के अंत में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें देशभक्ति की प्रेरणा देने वाले चित्रों से कैडिटों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य कृष्णकांत द्विवेदी ने कहा कि एनसीसी कैडिटों में अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्र सेवा का कार्य करती है जिससे राष्ट्र निर्माण में सार्थक योगदान दे सकें। कार्यक्रम में 1 यूपी बटालियन आगरा से सूबेदार श्याम बुद्धथोकि और नायब सूबेदार विक्रम सिंह उपस्थित रहे। समस्त कार्यक्रम का संचालन मेजर शंभू पांडे तथा फर्स्ट ऑफिसर ज्ञानेंद्र तिवारी के निर्देशन में हुआ जिसमें एनसीसी के सीनियर अंडर ऑफिसर कुलदीप यादव, सीनियर अंडर ऑफिसर दीपक तिवारी, सीनियर अंडर ऑफिसर राम शाक्य, सीनियर अंडर ऑफिसर उदयन पाल, तथा अंडर ऑफिसर हर्षित बघेल, अंडर ऑफिसर मयंक यादव, अंडर ऑफिसर कर्तव्य शर्मा ने अपने टूप का संचालन किया।

# एसआईआर: 100 फीसदी काम करने वाले 15 बीएलओ सम्मानित



एनएनआई

**बाह।** एसआईआर में 100 फीसदी काम करने वाले बाह विधानसभा क्षेत्र के 15 बीएलओ को अपर जिला अधिकारी नागरिक आपूर्ति अजय नरायन सिंह ने प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और कहा कि दूसरे बीएलओ इनसे प्रेरणा लेकर अपना काम पूरा करें। सुखभान पुरा के शिक्षक वीरेन्द्र कुमार, टीकैतपुरा के शिक्षक शैलेन्द्र कुमार, पापरी नागर के शिक्षक शुभम अवस्थी, पलोखरा के शिक्षक प्रदीप कुमार, बसई अरेला के शिक्षक रतन सिंह, पिनाहट की शिक्षिका अनु अग्रवाल, मुडियापुरा के रोजगार सेवक दिलीप कुमार, चांगोली के शिक्षक सौमी कुमार, बरुआ पुरा के शिक्षक अमर, प्रतापपुरा के शिक्षक शैलेन्द्र सिंह, मंगदपुर के शिक्षक श्रीकांत दुबे, खेडा देवीदास के नलकूप चालक गिरीश बाबू, बाह देहात के नलकूप चालक सूरजभान, मढ़ेपुरा के नलकूप चालक नृपति सिंह, वनकटी के शिक्षक विश्वेन्द्र सिंह ने बीएलओ के रूप में अपना 100 फीसदी काम पूरा कर सम्मान हासिल किया है। जबकि बाह की उपमा मोदी, गढ़ी बरौली के जितेन्द्र कुमार, अर्जुनपुरा के देवेन्द्र सिंह, गोपालपुरा के आकाश श्रीवास्तव, बाह के रिषी कुमार गुप्ता, फरैरा के उपेन्द्र, बिक्रमपुर के आवेश कुमार, पुरा अमर सिंह के सुनील गुप्ता, खिच्चरपुरा के कमलेश, पिढौरा के उपेन्द्र सिंह, गुमानसिंह पुरा के श्यामवीर, मझटीला के सुरेश कुमार, रामपुर चंद्रसेनी के संजेश भदौरिया ने 95 फीसदी से अधिक काम कर सम्मान की लाइन में अपना नाम लिखाया है। सम्मान समारोह में एसडीएम संतोष कुमार शुक्ला, तहसीलदार संपूर्ण कुलश्रेष्ठ, नायब तहसीलदार सुधीर गिरी, बीडीओ नीरज तिवारी, खंड शिक्षा अधिकारी अमरनाथ आदि रहे।

## विद्यालय में जमा कराये गये गणना प्रपत्र



**किरावली** एनएनआई। कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय किरावली में बूथ संख्या 194, 195, 196 व 197 पर सोमवार को मतदाताओं के गणना प्रपत्र जमा कराए गए। इस दौरान सभासद दानिश कुरैशी ने सभी मतदाताओं से शीघ्रता से अपने प्रपत्र जमा करने की अपील की। कार्यक्रम में बसंत कुमार (राशन डीलर किरावली), बीएलओ प्रवीण कुमार शर्मा, कुसुमलता, फरहा नाज, वीरेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। वहीं मतदाता नरेश अग्रवाल (मास्टर साहब), क्षेत्रपाल सिंह (राशन डीलर), सलीम कुरैशी, मंसूर कुरैशी, सकील कुरैशी, अलीम कुरैशी, अशरफ कुरैशी तथा नगर पंचायत के कर्मचारी पुष्पेंद्र सिंह, पीतम सिंह, राजू कुमार, संजू सिंह आदि ने सहयोग प्रदान किया।

## मई में सूनी पड़ी रही गेंदालाल दीक्षित की जन्मभूमि, परिजनों ने किया याद

एनएनआई

**बाह।** अपने त्याग और बलिदान से क्रांति को सींचने वाले कमांडर इन चीफ गेंदालाल दीक्षित की जयंती पर जन्मभूमि सूनी पड़ी रही। परिजनों ने गर्व और गौरव से भर देने वाले उनके बलिदान को नमन किया। नाती अशोक दीक्षित, महेश दीक्षित, पवन दीक्षित ने महान क्रांतिकारी की उपेक्षा पर दुख जताते हुए कहा कि सरकार गांव में न तो उनका स्मारक बनवा सकी है और न ही प्रतिमा लगवा सकी है। त्याग और बलिदान की प्रेरणादायी दास्तान को संरक्षित किए जाने की उन्होंने मांग उठाई। आजादी के आंदोलन में अमिट छाप छोड़ने वाले क्रांतिकारी गेंदालाल दीक्षित को जरार में उमेश सिसोदिया, सुनील कुमार, डॉ. मानवेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह, रामनरेश, महेश चन्द्र ने नमन कर कहा कि उनका त्याग और बलिदान आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक है।

क्रांतिकारी पंडित गेंदालाल दीक्षित की जयंती शनिवार को बाह के आशाराम रामनिवास आदर्श इंटर कॉलेज में मनाई गई। शिक्षकों, छात्र-छात्राओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर अपने भाषण में महान क्रांतिकारी से जुड़े इतिहास को संरक्षित किए जाने, उनकी प्रतिमा स्थापित किए जाने की वकालत की। प्रधानाचार्य विनोद कुमार दीक्षित ने गेंदालाल दीक्षित के क्रांति इतिहास के अनछुए पहलुओं पर प्रकाश डाला और उनकी प्रतिमा स्थापित किए जाने की मांग की। जिससे आने वाली पीढिया उनके त्याग और बलिदान से प्रेरित हो सकें। इस दौरान अरुण दुबे, अनिल तोमर, श्याम सिंह राठौड़, अमित गुप्ता, गिरजेश यादव, संतोष शर्मा, रिपसूदन शर्मा ने विचार व्यक्त किए। भाषण प्रतियोगिता के विजेता पुरस्कृत किए गये।

## सीएमओ ने बाह में दो पीएचसी का किया निरीक्षण, ग्रामीणों ने उठाया सवाल



**बाह** एनएनआई। सीएमओ आगरा डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने रविवार को बाह की दो प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण किया। दोनों ही स्वास्थ्य केन्द्र फार्मासिस्ट के भरोसे हैं। सीएमओ के सामने चिकित्सक न होने का सवाल स्थानीय लोगों द्वारा उठाया गया। बाह के होलीपुरा गांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र फार्मासिस्ट श्यामसुंदर पांडेय एवं हिंगोट खेडा गांव का प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुलदीप के भरोसे चल रहा है। चिकित्सक की नियुक्ति न होने की बजह से स्थानीय लोग इलाज के लिए बाह तक की दौड़ लगाने को मजबूर हैं। रविवार को दोनों स्वास्थ्य केन्द्रों पर सीएमओ डॉ. अरुण श्रीवास्तव पहुंचे। स्थानीय लोगों ने उनसे चिकित्सक की नियुक्ति किए जाने की मांग की। जिससे घर के नजदीक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। सीएमओ ने उन्हें जल्द ही चिकित्सक की नियुक्ति का आश्वासन दिया।

## मन की बात शुरू होते ही कटी बिजली

एनएनआई

**किरावली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' के 128वें एपिसोड को सुनने के लिए भाजपा किसान नेता मोहन सिंह चाहर डाबली में किसानों के साथ मौजूद थे। कार्यक्रम शुरू होते ही सुबह करीब 11 बजकर 5 मिनट पर बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। किसान बड़े ध्यान से प्रधानमंत्री का संबोधन सुन रहे थे, लेकिन बिजली कटने से वे निराश हो गए। इस घटना के तुरंत बाद, किसान नेता मोहन सिंह चाहर ने किरावली के एक्सईएन विद्युत को फोन किया। उन्होंने बिजली आपूर्ति में व्यवधान पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की और



तत्काल विद्युत आपूर्ति बहाल करने की मांग की। एक्सईएन विद्युत ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मात्र 5 मिनट के भीतर बिजली आपूर्ति सुचारू करा दी। बिजली बहाल होने के बाद, सभी किसानों ने प्रधानमंत्री की 'मन की बात' सुनी। किसान नेता मोहन सिंह चाहर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कृषि और खेल के क्षेत्र में देश की उपलब्धियों को जनता के साथ साझा किया। उन्होंने स्वदेशी और प्राकृतिक खेती अपनाने का भी संदेश दिया। इस अवसर पर 'मन की बात' सुनने वालों में भाजपा किसान नेता मोहन सिंह चाहर के साथ हाकिम सिंह चाहर (प्रधान), हमवीर सिंह, सूबेदार रघुनाथ सिंह, दुर्गा सिंह महाराज, श्याम सिंह, मोहन सिंह, सुल्तान सिंह, दर्शन सिंह, राजू, भूपेंद्र सिंह, राजन सिंह और सोनवीर सिंह सहित कई प्रमुख किसान उपस्थित रहे।

## बुलंद दरवाजा पर लगी सजावटी लाइटें क्षतिग्रस्त, दो लाइटें अब भी लापता

**फतेहपुर सीकरी** एनएनआई। विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक धरोहर बुलंद दरवाजा परिसर में लगी सजावटी लाइटों को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा क्षतिग्रस्त किए जाने का मामला सामने आया है। दरगाह कमेटी के सदस्यों ने बताया कि कुल 8 सजावटी लाइटें तोड़ी गईं, जिनमें से 6 लाइटें तलाश के दौरान आसपास के क्षेत्रों से बरामद हो चुकी हैं। दरगाह कमेटी के सदस्य फहीम कुरैशी के अनुसार, घटना का पता चलने के बाद कमेटी द्वारा परिसर के आसपास के स्थानों में खोज की गई। इसमें से चार लाइटें बेड़े के पास लगभग 10 मीटर की दूरी पर, जबकि दो लाइटें रंग महल के पीछे स्थित खंडहर से मिलीं। वही दो लाइटें अब भी लापता हैं।

# मंडी मिर्जा खां मुख्य बाजार में दो पक्षों में विवाद, लाठी डंडे चले

एनएनआई

**फतेहपुर सीकरी।** थाना क्षेत्र के मंडी मिर्जा खां मुख्य बाजार में रविवार को दो पक्षों के बीच हुए विवाद और मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर चर्चा तेज हो गई है। वायरल वीडियो में कुछ लोग एक-दूसरे से हाथापाई करते और डंडों से प्रहार करते दिखाई दे रहे हैं।

प्राथमिक जानकारी के अनुसार, विवाद में शामिल एक पक्ष जौताना गांव और दूसरा पक्ष खेरा जाट गांव का बताया जा रहा है। खुले बाजार में



हुई इस घटना से व्यापारियों एवं आम नागरिकों में चिंता का माहौल देखा गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए त्वरित और सख्त कार्रवाई जरूरी है, ताकि कानून-व्यवस्था को लेकर भरोसा कायम रहे। घटना की जानकारी मिलने पर थाना पुलिस सक्रिय हुई और दोनों पक्षों से घायल चार लोगों को नियमानुसार चिकित्सीय परीक्षण (मेडिकल) के लिए भेजा गया।

प्रभारी निरीक्षक आनंद वीर सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों को मेडिकल के लिए भेज दिया गया है। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक तथ्यों के आधार पर संबंधित धाराओं में विधिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि वीडियो का परीक्षण भी कराया जा रहा है, ताकि घटना से संबंधित तथ्यों की वस्तुनिष्ठ जांच हो सके। पुलिस का कहना है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है, और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी।


## संपादकीय

# अविश्वास के बीच भाजपा-जदयू में बड़ा बनने की होड़

बिहार में चुनाव से पहले एनडीए की सहयोगी पार्टियों के बीच जो अविश्वास था वह इतने बड़े जनादेश के बाद भी खत्म नहीं हो रहा है। चुनाव से पहले कहा जा रहा था कि चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी को भाजपा और जदयू दोनों ने मिल कर सबसे मुश्किल सीटें दी हैं। उनको 29 में से 20 सीटें ऐसी दी गई थीं, जिन पर पिछली बार राजद की जीत हुई थी और वह बहुत मजबूत थी। उपेंद्र कुशवाहा को भी मुश्किल सीटें दिए जाने की चर्चा थी। चुनाव के नतीजे आने के बाद नए सिरे से अविश्वास फैला है। कम अंतर से हार जीत वाली सीटों को लेकर सबसे ज्यादा विवाद हुआ है। यह हैरानी की बात है कि भारतीय जनता पार्टी के समर्थक और उनका इकोसिस्टम सोशल मीडिया में प्रचार



कर रहा है कि भाजपा के छह उम्मीदवार कम अंतर से हारे हैं और इसके पीछे कोई साजिश है। कहा जा रहा है कि वोटों की गिनती के दौरान जनता दल यू ने प्रशासन की मदद से यह भरपूर प्रयास किया कि वह सबसे बड़ी पार्टी बने।कहा जा रहा है कि रामगढ़ सीट पर बहुजन समाज पार्टी के पिंटू यादव सिर्फ 30 वोट से जीते। उन्होंने भाजपा के अशोक सिंह को हराया। नतीजों के बाद जदयू के नेताओं ने पिंटू यादव से संपर्क किया और पार्टी में शामिल होकर मंत्री बनने का प्रस्ताव दिलाया। भाजपा के नेती दबी जुबान में कह रहे हैं कि डिजाइन के तहत रामगढ़ में भाजपा को हरवाया गया। इसी तरह राजद से ज्यादा भाजपा के इकोसिस्टम के जरिए यह बात फैलाई जा रही है कि जनता दल यू के राधाचरण साह संदेश सीट पर सिर्फ 27 वोट से कैसे जीते? वहां साढ़े तीन सौ पोस्टल बैलेट रद्द किया गया था। इसी तरह जनता दल यू के उम्मीदवार चेतन आनंद नबीनगर से 112 वोट से जीते। इन उदाह?णों के आधार पर कहा जा रहा है कि प्रशासन की मदद से जनता दल यू ने नजदीकी मुकाबले वाली सीटों पर अपने उम्मीदवारों को जिताया, जबकि ऐसी ही सीटों पर भाजपा को हरवा दिया।दोनों बड़ी पार्टियां यानी भाजपा और जदयू के नेता स्वीकार नहीं कर रहे हैं लेकिन यह हकीकत है कि दोनों में बड़ा बनने की होड़ है, जो पहले दिन से शुरू हो गई है। विधायकों की संख्या के लिहाज से भाजपा सबसे बड़ी पार्टी है। उसे जदयू से चार सीटें ज्यादा मिली हैं। चुनाव के बाद से यह चर्चा खूब चली कि भाजपा अपना मुख्यमंत्री बनाएगी। इसके बाद यह भी अफवाह फैलाई गई कि भाजपा और जनता दल यू में ढाई-ढाई साल की सत्ता साझेदारी का समझौता हुआ है यानी नीतीश कुमार ढाई साल के बाद सत्ता छोड़ देंगे।इसके बाद स्पीकर और गृह मंत्रालय को लेकर अटकलें चलीं कि जदयू ने स्पीकर का दावा इसलिए पेश किया है ताकि उसे गृह नहीं छोड़ना पड़े। लेकिन भाजपा के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को गृह मंत्रालय मिल गया तो यह प्रचार कि जदयू स्पीकर के लिए अड़ी। भाजपा और जनता दल यू में बड़ा बनने की होड़ है। जदयू की ओर से प्रयास हो रहा है कि किसी तरह से उसके विधायकों की संख्या बढ़ाई जाए ताकि जदयू सबसे बड़ी पार्टी बन जाए। इसके लिए जदयू ने अपने कोटे के सात मंत्री पद खाली रखे हैं। पिछले दिनों बहुजन समाज पार्टी के इकलौते विधायक पिंटू यादव से संपर्क किया गया था। वे सिर्फ 30 वोट से जीते हैं। उनको मंत्री पद का ऑफर दिया गया। लेकिन उन्होंने मना कर दिया। असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी के चार विधायकों से संपर्क करने की भी खबर है और यह भी कहा जा रहा है कि अपनी पार्टी आईआईपी बना कर लड़े और जीते आईपी गुप्ता से भी जदयू के नेताओं ने संपर्क किया है। अगर बसपा और आईआईपी के एक एक विधायक और एमआईएम के चार विधायक आ जाएं तो जदयू की संख्या 91 हो जाएगी और वह भाजपा से बड़ी पार्टी हो जाएगी।कांग्रेस के कुछ विधायकों से भी जदयू के नेताओं ने संपर्क किया है। सभी स्पीकर के चुनाव का इंतजार कर रहे हैं। अगर स्पीकर जनता दल यू का तो हो उनको उम्मीद है कि कुछ साल सदस्यता बची रह जाएगी और उसके बाद उपचुनाव लड़ लेंगे। भाजपा भी टूट सकने वाले संभावित विधायकों पर नजर रखे हुए है। साथ ही स्पीकर का पद अपने पास रखना चाहती है। स्पीकर भाजपा का रहा तो दूसरी पार्टियों के विधायकों में टूट की संभावना कम हो जाएगी।



# मोक्षदा एकादशी अथवा मौन एकादशी

## धर्म ध्यान करने का माना गया है सर्वोत्तम दिन

**मौन और एकांत आत्मा के सर्वोत्तम मित्र है। यह एक ऐसा मित्र है जो हमें परमात्मा के करीब ले जाता है। मौन शब्द को अगर हम उल्टा करें तो न -मौ अर्थात नम जाना अहंकार का समर्पण करने का जरिया है मौन ।आज मोक्षदा एकादशी के दिन सिर्फ परमात्मा से बातें करें अपनी आत्मा को परमात्मा के समीप ले जाए आज हमारा संवाद सिर्फ परमात्मा के साथ हो।**



आज चावल, पान एवं मसूर की दाल का सेवन ना करें एवं भगवत गीता का पाठ अवश्य करें। सायं काल मां तुलसी के समक्ष घी का दीपक अवश्य जलाएं।आज स्नान आदि से निवृत्त होकर पूरे घर में गंगाजल का छिड़काव करें, चावल का सेवन न करें एवं ज्यादा से ज्यादा आज मौन अवस्था में रहे। जैन धर्म के अनुयाई भक्तामर का पाठ एवं सनातन धर्म के लोग विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ अवश्य करें। आज के दिन मोर पंख और बांसुरी अवश्य खरीदें इससे वास्तु दोष दूर होता है। आज स्नान आदि से निवृत्त होकर पूरे घर में गंगाजल का छिड़काव करें, चावल का सेवन न करें एवं ज्यादा से ज्यादा आज मौन अवस्था में रहे।

इस दिन 150 कल्याणक — यानी पंच कल्याणक — हुए माने जाते हैं, जो भूत, वर्तमान और भविष्य के तीर्थंकरों के कल्याणक हैं।

विशेष रूप से, तीर्थंकर अरनाथ भगवान, मल्लिनाथ भगवान और नेमिनाथ भगवान से जुड़े कल्याणकों का स्मरण इस दिन होता है — जन्म, दीक्षा, केवलज्ञान आदि।

इसे कर्म क्षय या पापों से मुक्ति पाने वाला दिन माना जाता है। सही प्रकार से व्रत और तपस्या करने से पाप नष्ट होते हैं।

कहा जाता है कि इस दिन की गई साधना, उपवास, मौन आदि का पुण्य 150 गुना तक बढ़ जाता है।

व्रत, मौन व तपस्या के माध्यम से आत्म-शुद्धि और आत्म-संयम की साधना होती है।

पापों से मुक्ति, आत्मिक उन्नति, कर्मों का क्षय — ये आध्यात्मिक लाभ हैं। तीर्थंकरों के महापर्वों (कल्याणक) का स्मरण और श्रद्धा — जिससे धर्म, साधना व मोक्ष मार्ग की याद बनी रहे।

अहिंसा, संयम, आत्म-नियंत्रण — जीवन के सद्गुण और शांति का विकास।

आज के इस पावन दिन आपके जीवन में धर्म का प्रवेश उच्च कोटि के स्तर पर हो और इसके द्वारा हमारे कर्म निर्जरा हो यही ईश्वर से प्रार्थना है।

**डॉक्टर शिल्पा जैन**
**एस्ट्रोलॉजर**



# मेरे इंग्लिश-लैंग्वेज के काम की शुरूआत अभी हुई है- प्रियंका चोपड़ा

ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा जोनास ने कहा है कि उनकी रचनात्मक यात्रा अभी अधूरी है और उन्हें लगता है कि उन्होंने अपने इंग्लिश-लैंग्वेज काम में अब तक सिर्फ सतह को छुआ है। 2015 में क्वांटिको से हॉलीवुड करियर शुरू करने वाली प्रियंका ने कहा कि जहां हिंदी सिनेमा में उन्होंने लगभग हर जॉनर किया है, वहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनके पास अभी बहुत कुछ करने का मौका है। प्रियंका ने बताया कि उन्हें ऐसे किरदार और फिल्में बनाना पसंद है जो लोगों से जुड़ें और बदलाव लाएं। अपनी प्रोडक्शन कंपनी पर्पल पेबल पिक्चर्स के जरिए वह नई, संवेदनशील और तकनीकी रूप से मजबूत कहानियों को सपोर्ट कर रही हैं। उन्होंने कहा कि उनका मकसद नए टैलेंट-फिल्ममेकर, राइटर और एक्टर- को वैश्विक मंच देने का है, क्योंकि शुरूआती दौर में उन्हें खुद यह पता नहीं था कि किस दरवाजे पर दस्तक देनी है।



# बिग बॉस 19: मीडिया ने लोमड़ी कहा तो गौरव खन्ना भड़के

बिग बॉस 19 के मीडिया राउंड के दौरान टॉप 6 कंटेस्टेंट-मालती चाहर, गौरव खन्ना, प्रणित मोरे, तान्या मित्तल, फरहाना भट्ट और अमाल मलिक-ने तेज सवालों का सामना किया। एक रिपोर्टर द्वारा लोमड़ी कहे जाने पर गौरव खन्ना भड़क गए और कहा कि बिग बॉस जैसे शो में बिना गाली-गलौज के भी जीत हासिल की जा सकती है। अमाल मलिक को हाउस में धमकाने के आरोपों पर सवाल हुआ, जबकि फरहाना से उनके रवैये पर तीखे सवाल पूछे गए। गौरव पहले ही टिकट टू फिनाले जीत चुके हैं। बाकी कंटेस्टेंट अब फिनाले के लिए जगह बनाने की कोशिश में हैं। शो का ग्रैंड फिनाले 7 दिसंबर को होगा।

# सामंथा रुथ प्रभु और राज निदिमोरू की शादी की अफवाहें तेज, एक्स-वाइफ ने डाली इशारों भरी पोस्ट



एक्टर सामंथा रुथ प्रभु और निर्देशक राज निदिमोरू की शादी की अफवाहों के बीच राज की एक्स-वाइफ श्यामाली डे ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया- डेस्परेट लोग डेस्परेट काम करते हैं। हालाँकि पोस्ट में किसी का नाम नहीं था, लेकिन सोशल मीडिया पर इसे सामंथा-राज की शादी की चर्चाओं से जोड़ा गया। अफवाहें हैं कि दोनों कोयंबटूर के ईशा सेंटर में शादी कर सकते हैं, हालांकि दोनों ने ऐसी किसी भी जानकारी की पुष्टि नहीं की है। सामंथा और राज ने द फैमिली मैन और सिटाडेल: हनी बनी जैसी परियोजनाओं पर साथ काम किया है। सामंथा पहले नागा चैतन्य से और राज की शादी पहले श्यामाली डे से हो चुकी है।

# टॉम क्रूज़ का मशहूर क्रिसमस कोकोनट केक-किन सेलेब्स को मिलता है?



हॉलीवुड सुपरस्टार टॉम क्रूज हर साल क्रिसमस के मौके पर अपने करीबी सेलेब्रिटी दोस्तों और को-स्टार्स को स्पेशल कोकोनट केक भेजते हैं। जिन्हें यह केक मिलता है: ग्लेन पॉवेल - टॉप गन: मेवरिक को-स्टार, माइल्स टेलर - कहते हैं कि उनके फ्रिज में हमेशा एक केक रहता है, जॉन हैम - कहते हैं कि वह पहले से ही लिस्ट में थे, कर्स्टन डंस्ट - 1994 से हर साल क्रूज केक पा रही हैं, कोबी स्मल्डर्स - केक को महीनों तक फ्रीजर में रखती हैं, रोजी ओडॉनेल - टॉम की करीबी दोस्त, ब्रुक शील्ड्स - बताती हैं कि उन्हें लगभग 10 साल तक केक मिलता रहा। यह परंपरा टॉम क्रूज और उनके साथ काम कर चुके कलाकारों के बीच एक खास और अनोखी दोस्ती का प्रतीक मानी जाती है।

# रांची में चला रो-को का जादू

## रोहित के नाम वनडे में सर्वाधिक छक्के

## कोहली ने सचिन को पछाड़ा



### कोहली अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के किसी प्रारूप में सर्वाधिक शतक लगाने वाले बल्लेबाज

इस मुकाबले में किंग कोहली ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। उन्होंने अपने वनडे करियर का 52वां और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का 83वां शतक 102 गेंदों में पूरा किया। इसी के साथ वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में किसी प्रारूप में सर्वाधिक शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। कोहली से पहले ये रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम था जिन्होंने टेस्ट में 51 शतक लगाए थे, लेकिन अब कोहली उनसे आगे निकल गए हैं। कोहली 294 पारियों में इस उपलब्धि पर पहुंचे हैं। कोहली वनडे प्रारूप में सर्वाधिक शतक लगाने के मामले में पहले ही सचिन को पीछे छोड़ चुके हैं। सचिन के नाम वनडे में 49 शतक हैं। यह इस साल कोहली का वनडे प्रारूप में दूसरा शतक है। इससे पहले उन्होंने चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 100 रन बनाए थे। कोहली दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे मैच में 120 गेंदों पर 11 चौकों और सात छक्के की मदद से 135 रन बनाकर आउट हुए।

**रांची।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रांची में खेले जा रहे पहले वनडे में रोहित शर्मा और विराट कोहली ने एक बार फिर चमक बिखेरी है। दोनों ने इस मैच में शानदार शतकीय साझेदारी से टीम का स्कोर 300 के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा वनडे में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। रोहित ने यह उपलब्धि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे मैच के दौरान हासिल की। इस मैच से पहले रोहित ये उपलब्धि हासिल करने से तीन छक्के दूर थे और उन्होंने मैच में तीन छक्के लगाते ही पाकिस्तान के शाहीद अफरीदी को पीछे छोड़ दिया। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान अफरीदी ने अपने वनडे करियर में कुल 351 छक्के लगाए हैं, लेकिन रोहित के नाम अब इस प्रारूप में 352 छक्के हो गए हैं और वह सभी से आगे निकल गए हैं। रोहित ने पारी के 15वें ओवर में दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर प्रेनेलन सुब्रयन की गेंद पर डीप मिडविकेट पर लगातार दो छक्के लगाकर अफरीदी की बराबरी की और फिर मार्को यानसेन की गेंद को डीप स्क्वायर लेग पर पुल करके अफरीदी के काफी कम पारियों में सर्वाधिक वनडे छक्के लगाने का विश्व रिकॉर्ड बना लिया।






### घर में सबसे ज्यादा बार 50+ स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बने विराट कोहली

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले में किंग कोहली ने रिकॉर्ड्स की झड़ी लगा दीं। वह घर में वनडे में सबसे ज्यादा बार 50 से ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। इस मामले में उन्होंने महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया। कोहली ने यह कारनामा 59 बार किया। वहीं, सचिन तेंदुलकर ने 58 बार वनडे में 50 से ज्यादा रनों की पारी खेली। तीसरे स्थान पर दक्षिण अफ्रीका के जैक्स कैलिस हैं जबकि चौथे पायदान पर ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग हैं।

### सबसे ज्यादा मैच खेलने वाली भारतीय जोड़ी

रोहित शर्मा और विराट कोहली की जोड़ी अब भारत की ओर से सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय मैच एक साथ खेलने वाली जोड़ी बन गई। दोनों का साथ में यह 392वां मुकाबला था। दुनिया में अगर सबसे सफल जोड़ियों को देखें, तो इसमें शीर्ष पर श्रीलंका के महान खिलाड़ी महेला जयवर्धने और कुमार संगकारा हैं, जिन्होंने एक साथ 550 मैच खेले थे। भारतीय जोड़ियों में रोहितझविराट के बाद दूसरे नंबर पर सचिन तेंदुलकर और राहुल द्रविड़ की जोड़ी है, जिन्होंने कुल 391 मैच साथ-साथ खेले थे।

## बेल्जियम ने जीता अजलान शाह हॉकी का खिताब, फाइनल में भारत को 1-0 से हराया

**कुआलालंपुर।** बेल्जियम ने रविवार को रोमांचक फाइनल में भारत को करीबी मुकाबले में 1-0 से हराकर सुल्तान अजलन शाह कप हॉकी टूनार्मेंट का खिताब जीत लिया। भारत को मैच के 34वें मिनट में थिब्यू स्टॉकब्रोक्स के गोल के कारण रजत पदक से संतोष करना पड़ा। यह बेल्जियम का पहला सुल्तान अजलन शाह खिताब है। टीम सिर्फ दूसरी बार इस प्रतियोगिता में खेल रही थी। शनिवार को कनाडा के खिलाफ 14-3 की बड़ी जीत के बाद इस मैच में उतरा भारत दुर्भाग्य से तीन पेनल्टी कॉर्नर में से एक को भी गोल में नहीं बदला सका। जुगराज सिंह, अमित रोहिदास और संजय इस टूनार्मेंट के दौरान पेनल्टी कॉर्नर में अच्छा प्रदर्शन करेन में सफल रहे, लेकिन फाइनल में बेल्जियम की रक्षा पंक्ति को छकाने में नाकाम रहे। लीग चरण में यूरोपियन टीम के खिलाफ 2-3 से हारने के बाद यह इस टूनार्मेंट में भारत की दूसरी हार थी। मनप्रीत सिंह और हार्दिक सिंह जैसे अनुभवी खिलाड़ियों के टूनार्मेंट से आराम लेने के कारण जिम्मेदारी युवा खिलाड़ियों पर थी जिन्होंने हार के अंतर को कम रखकर अच्छा प्रदर्शन किया। दोनों टीमों ने रणनीति खेल दिखाया जिसमें बेल्जियम ने गेंद को अधिक समय अपने पास रखकर बेहतर शुरूआत की। उनके आक्रामण ने दोनों छोर से भारतीय रक्षा पंक्ति को परेशान किया और भारतीय गोलकीपर को कुछ करीबी बचाव करने पड़े।



## सोमवार, 01 दिसम्बर राशिफल

आज का दिन मेष राशि के लिए व्यस्तता भरा रहेगा। चंद्रमा का राशि से द्वादश भाव में गोचर करना आपके खर्च को बढाएगा। आपको आज अपनी सेहत के मामले में भी अपना ध्यान रखना होगा। पारिवारिक जीवन में आज वाणी को संयमित रखें।

वृषभ राशि के जातकों के लिए आज का दिन भाग्यशाली। रहेग। आपको चंद्रमा और शुक्र के शुभ गोचर का लाभ लाभ मिलेगा। नौकरी में आपका दिन अनुकूल बीतेगा। आपको आज महिला मित्रों से सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से भी आपको आज सहयोग मिलेगा।

आज का दिन मिथुन राशि के लिए मिलाजुला रहेग। आपको आज अपने आर्थिक मामलों पर ध्यान देने की जरूरत है। आपका धन आज अधिक खर्च हो सकता है। अचानक से कुछ काम आने की वजह से आपकी योजना में बदलाव हो सकता है।

आपके लिए आज का दिन मिश्रित रहने वाला है। राशि स्वामी चंद्रमा शनि से पीड़ित हैं लेकिन गुरु से शुभ हो रहे हैं। ऐसे में आपको आज का दिन संयम से बिताना चाहिए। आपको आज जोखिम लेने से बचना होगा। नौकरी मे आपको आज कुछ चुनौतियों का सामना करना होगा।

सिंह राशि के जातकों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आपको आज नौकरी में सहकर्मियो से पूरा सहयोग मिलेगा। सरकारी क्षेत्र में काम करने वाला जातकों को आज कोई बड़ा अवसर मिल सकता है। आप लाभ और मान सम्मान पाएंग।

आज दिसंबर महीने का पहला दिन कन्या राशि के लिए लाभदायक रहेगा। लेकिन आज आपके ऊपर काम का दबाव भी बना रहेगा। आपको आलस का त्याग करना होगा तभी आप आज दिन की अनुकूलता का लाभ ले पाएंगे। शिक्षा और प्रबंधन के काम में आपको आज सफलता मिलेगा।

तुला राशि के जातकों के लिए आज का दिन कार्यक्षेत्र में सफलता और लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपका काम सुचारू रूप से चलेगा। कामकाज के सिलसिले में आपको आज यात्रा भी करनी पड़ सकती है। आप अपनी बुद्धि और चतुराई से आज कुछ उलझे हुए काम को सुलझाने में सफल होंगे।

आज का दिन वृश्चिक राशि के जातकों के लिए कई मामलों में शुभ लाभदायक रहेगा। आपको आज आर्थिक मामलों में भाग्य का साथ मिलेगा। नौकरी में भी आपका दिन आज अनुकूल रहने वाला है। आपका प्रभाव बना रहेगा।

धनु राशि के लोगों के लिए आज सोमवार का दिन कुल मिलाकर अच्छा है। आपको कार्यक्षेत्र में अनुकूल स्थिति का फायदा मिलेगा। अधिकारी वर्ग से भी आप सपोर्ट प्राप्त कर पाएंगे लेकिन आपको आज अतिउत्साह से बचना होगा।

मकर राशि के लोगों के लिए आज का दिन आर्थिक मामले में लाभदायक और अनुकूल रहेगा। आपको आज कार्यक्षेत्र में उन्नति का मौका मिलेगा। आपके पूर्व में किए काम का भी आज आपको फायदा मिलेगा। बिजनेस के लिहाज से आज का दिन अच्छा है।

कुंभ राशि के जातकों के लिए आज सोमवार का दिन मानसिक रूप से उलझन भरा रहेगा। आपको आज कोई भी बड़ा फैसला लेने से पहले उस पर विचार कर लेना चाहिए। नौकरी में आज का दिन उलझन भरा रहेगा। कोई न कोई परेशानी अचानक से आएगी।

आज का दिन मीन राशि के लोगों के लिए मिलाजुला रहेगा। कमाई तो होगी लेकिन आज आपका खर्च भी बना रहेगा। नौकरी में आज आपको कोई बड़ा मौका मिल सकता है। लेकिन आपको अपने काम में गंभीर और सतर्क रहना होगा।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# समाज में नारी शक्ति के जागरण की है परम आवश्यकता: चारू पटेल

एनएनआई




**आगरा।** विद्या भारती के तत्वावधान में गणेशराम नागर सरस्वती बालिका विद्या मंदिर बल्केश्वर, आगरा में सप्त शक्ति संगम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य भारतीय संस्कृति में वर्णित नारी के सात गुणों- कीर्ति, श्री, वाक्, स्मृति, मेधा, धृति, क्षमा पर आधारित है। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विद्या भारती अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य एवं बालिका शिक्षा संयोजिका रेखा चूड़ासमा , सप्तशती संगम प्रांत संयोजिका, मुख्य अतिथि प्रोफेसर शशि तिवारी, प्रोफेसर पूनम सिंह तथा कार्यक्रम की अध्यक्ष प्रोफेसर बीना शर्मा एवं प्रधानाचार्या चारू पटेल ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

सरस्वती वंदना के पश्चात विद्यालय की प्रधानाचार्य चारू पटेल ने मंच परिचय कराते हुए कार्यक्रम के विषय में सभी को बताया कि आज समाज में नारी शक्ति के जागरण की परम आवश्यकता है। कार्यक्रम का शुभारंभ सम्मानित प्रधानाचार्या प्रोफेसर पूनम सिंह (बैकुंठ देवी कन्या महाविद्यालय ) द्वारा किया गया। उन्होंने सप्तशती बुकलेट के आधार पर नारी-शक्ति के सात गुणों, भारतीय परंपरा की प्रासंगिकता और आधुनिक समाज में स्त्री की सशक्त भूमिका पर प्रेरणादायक विचार प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम के मुख्यवक्ता रेखा चूड़ासमा ने महिलाओं के उत्थान के लिए चरित्र निर्माण से लेकर समाज की विसंगतियों को दूर करने में नारी शक्ति को आगे आने का आान किया।

मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रेखा चूड़ासमा, सामाजिक कार्यकर्ता एवं अखिल भारतीय बालिका शिक्षा प्रमुख ने कुटुंब प्रबोधन एवं पर्यावरण के संबंध में भारतीय दृष्टि पर अत्यंत सारगर्भित विचार रखे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रोफेसर शशि तिवारी रहीं। उनका विषय भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका था, जिस पर उन्होंने अत्यंत प्रभावशाली वक्तव्य दिया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार शिक्षा, विज्ञान, प्रशासन, खेल व सामाजिक सेवा में महिलाएँ आज भारत के विकास की धुरी बन चुकी हैं। उनका भाषण माताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत सिद्ध हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रबंधिका प्रोफेसर बीना शर्मा ने की। उन्होंने नागरिक कर्तव्य विषय पर अपने संबोधन में माताओं को राष्ट्रहित में अपने उत्तरदायित्वों के प्रति जागरूक रहने, नियमों का पालन करने और पर्यावरण-सुरक्षा में योगदान देने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण सम्मान समारोह रहा, जिसमें समाज, शिक्षा, संस्कृति और सेवा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली कुछ श्रेष्ठ महिलाओं का सम्मान किया गया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा इन महिलाओं को शक्ति सम्मान-2025 प्रदान किया गया।

# अवधपुरी में संपन्न हुआ श्री पदमप्रभु विधान का दिव्य आयोजन

एनएनआई



**आगरा।** बोदला स्थित अवधपुरी के श्री पदमप्रभु जिनालय में रविवार को श्री पदमप्रभु जिनालय परिवार द्वारा श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उत्साह से ओतप्रोत श्री पदमप्रभु विधान का पावन आयोजन सानंद सम्पन्न हुआ। सुबह सात बजे श्रीजी के जलाभिषेक और शांतिधारा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ,जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे। शांत संगीत, मंत्रोच्चारण और भक्तिमय वातावरण ने सम्पूर्ण परिसर को दिव्यता से भर दिया।अभिषेक के पश्चात विधान की विभिन्न पूजन-विधियों, मंगलाष्टकों और आराधना का क्रम अत्यंत विधि पूर्वक सम्पन्न किया गया। श्रद्धालुओं ने इसे आत्मकल्याण, सम्यक भावना और अंतर्मन की शांति प्राप्त करने का अनुपम अवसर बताया। प्रातःकालीन समय से ही अनेक साधर्मी परिवार जिनालय में पहुँचकर प्रभु पदमप्रभु की कृपा का वरण करते रहे। पूरे आयोजन के दौरान श्रीजी के समक्ष निरंतर भक्ति,आराधना और शुभेच्छाओं की धारा प्रवाहित होती रही। समाजजनों ने ऐसे पावन आयोजनों को समुदाय में संस्कार, सात्विकता और आध्यात्मिक ऊर्जा प्रसारित करने वाला बताया।कार्यक्रम में प्रवीन कुमार जैन, विवेक जैन, इंद्रप्रकाश जैन,रवि जैन,नरेंद्र कुमार जैन,जितेन्द्र जैन,मनीष जैन,धवल जैन,राकेश जैन,शुभम जैन,रीता जैन, करुणा जैन,पुष्पा जैन, सीमा जैन, सुनीता जैन,शालू जैन सहित समस्त अवधपुरी जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# गौ माता को लगाए छप्पन भोग

## श्री राधारानी सेवा मंडल परिवार ने गोविंद की प्रिय गौ माता को भोग लगाए



**आगरा (एनएनआई)।** श्री राधारानी सेवा मंडल परिवार की ओर से गोवर्धन में होने वाले 16वें दिव्य छप्पन भोग महोत्सव से पूर्व गोविन्द की प्रिय गौ माता को छप्पन भोग अर्पण किये गए। फाउंडरी नगर स्थित श्री राधा कृष्ण गौशाला में गौ माता को अंकुरित अनाज, गुड़, समोसे - कचौड़ी, टोस्ट, तंदूरी नान, पूड़ी, जलेबी, पेठा, दलिया, भूसा, दालें और सब्जी सहित के खाद्य पदार्थ 56 भोग के रूप में भेंट किए गए। कार्यकम का शुभारम्भ संस्थापक गोविन्द सरन गर्ग ने गौ माता और गोपियों का पूजन व आरती कर किया। गौ माता की सभी सदस्यों द्वारा परिक्रमा लगाई गई संस्था से जुड़े संतोष मित्तल ने बताया कि गौमाता में 33 कोटि देवी-देवताओं का वास है। हम भगवान को छप्पन भोग लगाते तो हैं, लेकिन फिर प्रसाद बांटकर खा लेते हैं, लेकिन ये एक ऐसा छप्पन भोग है जिसे साक्षात गौ माता खाती हैं। इस दौरान सभी शहरवासियों को 13 व 14 दिसम्बर को छप्पन भोग महोत्सव में शामिल होने का निमंत्रण दिया। संस्था के विवेक वर्ष्णाय ने बताया कि गोमाता को 56 प्रकार का भोग अर्पित किए गए। इनमें 8 प्रकार के अनाज, 15 प्रकार की सब्जियां, 8 प्रकार के फल, 8 प्रकार की दालें, गुड़, चना, 5 प्रकार की मिठाइयां थीं। सुन्दरकाण्ड का पाठ मनीष पराशर ने कराया। श्याम के भजनों से गौशाला गुंजायमान हो गयी। मंडल के सभी सदस्य 13 व 14 दिसंबर को गोवर्धन में आयोजित होने जा रहे छप्पन भोग महोत्सव के लिए उत्साहित दिखे। इस अवसर पर नितिन अग्रवाल, लाला सियाराम पवन कुमार, प्रमोद मांगलिक, रोहित त्यागी, राकेश अग्रवाल,आशीष वर्मा, गिर्राज किशोर अग्रवाल, के एल अग्रवाल, राहुल गर्ग, राकेश माहेश्वरी, रीतिक बंसल, राकेश धूपबत्ती, प्रतीक वर्मा, सचिन गुप्ता, अनुज बंसल, मयंक अग्रवाल, केशव, दर्श, प्रिंस, युवराज आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम समन्वयक अविनाश राणा ने बताया कि गोवर्धन में 13 दिसम्बर को सुबह गोवर्धन पर्वत की दुग्धधार परिक्रमा में मेवा दूध वितरण, 101 साध्वियों को राशन का सामान व गर्म वस्त्र वितरण कर साध्वी सेवा की जाएगी और शाम को श्री लक्ष्मी नारायण जी मंदिर में गिरिराज जी महाराज के श्रृंगार दर्शन, भजन संध्या, छप्पन भोग और फूल बांग्ला सजाया जायेगा। 14 दिसम्बर को सुबह साधु संत की सेवा व भंडारा का आयोजन होगा। 13 दिसंबर को आगरा से विभिन्न स्थानों लगभग 1100 श्रद्धालु बसों और निजी वाहनों से गोवर्धन के लिए रवाना होंगे। मुख्य आकर्षण के रूप में मयूर नृत्य, शिव तांडव और कृष्ण लीला की अलौकिक प्रस्तुति के दर्शन भक्तो को होंगे।

# हैवलॉक मैथोडिस्ट चर्च में हर्षोल्लास से हुआ 'हेलो दिसंबर' का आयोजन

एनएनआई



**आगरा।** हैवलॉक मैथोडिस्ट चर्च में बड़े हर्षोल्लास के साथ हेलो दिसंबर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह एक धार्मिक आयोजन था जिसमें आगरा शहर के अलावा मेरठ, अलीगढ़, टूंडला, हाथरस, फिरोजाबाद और अन्य जनपदों के चर्च के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

हेलो दिसंबर के उपलक्ष में विभिन्न प्रकार के कैरल्स कंपटीशन का आयोजन किया गया जिसमें सभी चर्चों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभी की टीमों ने अपनी अपनी बेहतरीन प्रस्तुतियां से समा बांध दिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्टेशन कमांडेंट ऑफ आगरा, छावनी उपाध्यक्ष पंकज महेंद्रु, राजेश गोयल मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई और फिर प्रभु यीशु की प्रार्थना की गई। हैवलॉक मैथोडिस्ट चर्च के फादर अर्पण ई जैकब ने बताया कि हेलो दिसंबर ऑल ओवर 30 नवंबर को मनाया जाता है इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रभु यीशु के जन्म की खुशी के कार्यक्रम शुरू हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि प्रभु यीशु के जन्म से जुड़े पहला कार्यक्रम हैवलॉक मेथाडिस्ट चर्च में ही होता है उसके बाद शहर के अन्य चर्चों में प्रभु यीशु के जन्म से जुड़े खुशी के कार्यक्रम शुरू हो जाते हैं। चर्च में उर साहब, पंकज इंद्रजीत, मीडिया प्रभारी जैकब लाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे तो वही यूथ एडवाइजर रॉबिन लाल के नेतृत्व में यह पूरा कार्यक्रम आयोजित हुआ तो वही पास्टर कमेटी के लोगों का भरपूर सहयोग रहा।

